Postal Regn No./C.G./RYP DN/48/2022-24 website- www.dvpnews.in रायपुर (छ.ग.) एवं झांसी (उ.प्र.) से एक साथ प्रकाशित राष्ट्रीय हिन्दी पत्र

# दैनिक विश्व परिवार

● अंक : 296 ● वर्ष : 12 ● रायपुर, शनिवार 17 मई 2025 ● पृष्ठ : 08 ● मूल्य : 3 रूपए ● संस्थापक : कीर्तिशेष- श्री कैलाश चन्द्र जैन

**सुविचार**



दुनिया में सुन्दर वही होता है जिसका आचरण सुन्दर होता है।
Beautiful is he in the world conduct is beautiful.
आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज

## मामा की शादी में आए भांजे की मौत, दूल्हा की गाड़ी डीजे वाहन से टकराई

**कोरबा (विसं)।** जिले के मानिकपुर चौकी क्षेत्र अंतर्गत मुड़ापार शारदा विहार मुख्य मार्ग पर एमपी के सुरजपुर से चिमनीभठा बारात आई हुई थी जहां दूल्हे के गाड़ी को दूल्हे का जीजा ही चला रहा था। कार पर लगभग चार लोग सवार थे, दूल्हा और उसका ढेड़ साल का भांजा हरिओम उसके गोद मे सामने बैठा हुआ था। बारात दुल्हन के घर के लिए निकल चुकी थी सब डीजे के धुन पर नाचते गाते जा रहे थे इस दौरान दूल्हे के जीजा ने कार को स्टंट करने का प्रयास कर रहा था। अचानक कार सामने डीजे वाहन से जा टकराया। इस हादसे में दूल्हे के गोद मे बैठे मासूम हरि ओम सामने जा टकराया और उसकी मौत हो गई वहीं दूल्हे के जीजा भी घायल हो गया। हादसे के बाद राहगीरों की भुद एकत्रित हो गई और दूल्हे के जीजा जो कार चालक की जमकर पिटाई की गई जहा किसी तरह उन्हें लोगो से बचाया गया।

## मुख्यमंत्री साय पहुंचे सीतागांव समाधान शिविर : 132 केवी सब स्टेशन, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र उन्नयन, हायर सेकेंडरी स्कूल उन्नयन की घोषणाएं



**रायपुर (विश्व परिवार)।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय आज मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले के मानपुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम सीतागांव में आयोजित समाधान शिविर में शामिल हुए। इस अवसर पर उनके साथ उप मुख्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री श्री विजय शर्मा तथा मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव श्री सुबोध सिंह भी उपस्थित थे।

सुशासन तिहार के तृतीय चरण अंतर्गत आज के समाधान शिविर में क्षेत्र की 8 ग्राम पंचायतों-सीतागांव, मदनवाड़ा, कारेकट्टा, हलांजुर, हुरेली, कंदाडी, कोहका, हलोरा-को क्लस्टर के रूप में शामिल किया गया था। मुख्यमंत्री श्री साय ने इन पंचायतों के हितग्राहियों से सीधा संवाद कर शासन की योजनाओं के जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन की जानकारी ली और उनकी समस्याएं सुनीं।

मुख्यमंत्री श्री साय ने अपने संबोधन में कहा कि पूरे प्रदेश में सुशासन तिहार 2025 मनाया जा रहा है। हमारी सरकार को कार्यभार संभाले डेढ़ वर्ष हुआ है और इस दौरान हम निरंतर जनता के बीच पहुंचकर योजनाओं के प्रभाव और लाभ का आकलन कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि यह सरकार पारदर्शिता और जनभागीदारी की भावना से कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि राज्य में सरकार बनने के बाद 18 लाख प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत किए गए हैं, जिनमें से नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के लिए 15 हज़ार विशेष मकानों की स्वीकृति दी गई है। महतारी वंदन योजना का लाभ सभी पात्र बहनों को दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार ने 3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी की है। जमीन की रजिस्ट्री के साथ अब नामांतरण की प्रक्रिया भी स्वतः पूर्ण होगी। हक त्याग अब केवल 500 रुपये में हो रहा है। प्रदेश के 1460 ग्राम पंचायतों में अटल डिजिटल सेवा केंद्र स्थापित किए गए हैं, जिन्हें आगामी एक वर्ष में सभी ग्राम पंचायतों तक विस्तारित किया जाएगा। मुख्यमंत्री श्री साय ने बताया कि नया रायपुर में स्थापित आदिवासी संग्रहालय जनजातीय संस्कृति के संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## जितनी देर में लोग नाश्ता-पानी निपटाते हैं, उतनी देर में आपने दुश्मनों को निपटा दिया : राजनाथ सिंह



**भुज (विश्व परिवार)।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को गुजरात के भुज एयर फोर्स स्टेशन का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने वायु योद्धाओं से बातचीत की। जवानों को संबोधित करते हुए 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता के लिए बधाई दी। 'ऑपरेशन सिंदूर' का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि पाकिस्तानी धरती पर आतंक के अजगर को कुचलने के लिए भारतीय वायुसेना के लिए 23 मिनट काफी थे। जितनी देर में लोग नाश्ता-पानी निपटाते हैं, उतनी देर में आपने दुश्मनों को निपटा दिया।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा, मैं आज आपके बीच में आपका अभिनंदन करने के लिए आया हूं। ऑपरेशन सिंदूर में सचमुच आप लोगों ने करिश्माई काम किया है, भारत का मस्तक आपने सारी दुनिया में ऊंचा किया है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान जो हमारे सैनिक अथवा हमारे नागरिक शहीद हुए हैं, मैं सबको नमन करता हूं और जो हमारे बहादुर जवान घायल हुए हैं, उनके शीघ्र स्वस्थ होने की मैं ईश्वर से कामना करता हूं। रक्षा मंत्री ने कहा, यह कोई छोटी बात नहीं है कि हमारी एयरफोर्स की पहुंच पाकिस्तान के हर कोने तक है और यह बात पूरी तरह से साबित हो चुकी है। आज स्थिति यह है कि भारत के फाइटर प्लेन बिना सरहद पार किए ही, यहीं से उनके हर कोने तक सीधा प्रहार करने में पूरी तरह से सक्षम हैं।

## सिद्धबाबा जलाशय बनेगा सिंचाई का मजबूत आधार : मुख्यमंत्री साय

### मुख्यमंत्री ने 220 करोड़ रूपए की लागत से बन रही सिद्धबाबा सिंचाई जलाशय परियोजना का किया निरीक्षण



**रायपुर (विश्व परिवार)।** सुशासन तिहार के अपने दौरे पर मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय सीतागांव के समाधान शिविर के बाद हेलीकॉप्टर से खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले के गभरा गांव पहुंचे। उन्होंने गांव के समीप 220 करोड़ रूपए की लागत से बन रहे सिद्धबाबा सिंचाई जलाशय परियोजना का निरीक्षण किया। इस सिंचाई जलाशय से 34 गांवों के लगभग साढ़े चार हजार किसानों को सिंचाई सुविधा मिलेगी। जलाशय से 1840 हेक्टेयर क्षेत्र में खरीफ और 1380 हेक्टेयर में रबी फसलों की सिंचाई होगी। मुख्यमंत्री श्री साय ने जलाशय स्थल का निरीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्माण कार्यों की गति बढ़ाने और गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह जलाशय न केवल किसानों की आय बढ़ाने का माध्यम बनेगा, बल्कि इस क्षेत्र के सामाजिक और आर्थिक विकास का भी सशक्त आधार होगा। हमारी सरकार हर किसान तक पानी पहुँचाने के लिए प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव श्री सुबोध कुमार सिंह सहित वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे। गौरतलब है कि इस जलाशय के माध्यम से तीन जिलों के 34 गांव के किसानों को सिंचाई की सुविधा मिलेगी।

## विदेश मंत्री जयशंकर ने पहली बार अफगान विदेश मंत्री से की बातचीत

**तालिबान (एजेंसी)।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अफगानिस्तान के कार्यवाहक विदेश मंत्री मावलवी आमिर खान मुत्ताकी के साथ बातचीत की और 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले की निंदा करने के लिए उनकी सराहना की, जिसमें 26 निर्दोष नागरिकों की मौत हो गई थी। इसके अलावा, जयशंकर ने हाल ही में पाकिस्तान की तरफ से अफगान क्षेत्र पर मिसाइल हमले करने के आरोपों को झूठी और निराधार रिपोर्टों के माध्यम से भारत और अफगानिस्तान के बीच अविश्वास पैदा करने वाली खबरों पर बात की।

## दो साल से मानदेय के लिए भटक रहे लोक कलाकार, सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र



**रायपुर (विश्व परिवार)।** सांसद बृजमोहन अग्रवाल ज्वलंत मुद्दों को लेकर अपनी ही सरकार को चिट्ठी पर चिट्ठी लिख रहे हैं। इस बार उन्होंने छत्तीसगढ़ के लोक कलाकारों के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को पत्र लिखा है। दरअसल संस्कृति विभाग द्वारा वर्ष 2023-24 एवं 2024-25 में आयोजित कार्यक्रमों के बावजूद कलाकारों को अब तक मानदेय का भुगतान नहीं किया गया है। सीएम को लिखे पत्र में उल्लेख है कि वरिष्ठ गायक और भाजपा सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के प्रदेश कार्यक्रम प्रभारी शरद अग्रवाल ने बृजमोहन अग्रवाल को इस संबंध में अवगत कराया था कि संस्कृति विभाग ने पिछले वर्ष जून माह में ही वर्ष 2023-24 के कार्यक्रमों के भुगतान के लिए वित्त विभाग से प्रशासकीय स्वीकृति मांगी थी, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके अलावा वर्ष 2024-25 में भी बजट समाप्त हो जाने के कारण नए कार्यक्रमों का भुगतान भी अटक गया है।




राइनोप्लास्टी
नाक को सही (रिशेपिंग) करना
कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
आर.के.सी. के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay 9827144371


## तेलीबांधा चौक में युवती की मौत, ट्रक ने रौंदा



**रायपुर (विसं)।** 27 साल की युवती को तेलीबांधा चौक पर एक ट्रक ने कुचल दिया। युवती की मौके पर ही मौत हो गई। हादसा इतना भयानक था कि युवती के सिर और छाती की हड्डियां चूर-चूर हो गई हैं। एक्सीडेंट का CCTV फुटेज भी सामने आया है। मामला तेलीबांधा थाना क्षेत्र का है।

मिली जानकारी के मुताबिक मृत युवती का नाम एल. तान्या रेड्डी है। यह घटना सुबह करीब 11:30 बजे की है। वह मैग्नेटो मॉल की तरफ से शहर के भीतर मरीन ड्राइव की ओर आ रही थी, तभी ट्रक के ब्लाइंड स्पॉट में आ गई।

तेलीबांधा थाना प्रभारी नरेंद्र मिश्रा से मिली जानकारी के मुताबिक ट्रक रेड सिग्नल होने के कारण ट्रक खड़ा हुआ था, जो मैग्नेटो मॉल की तरफ से टाटीबंध की ओर जा रहा था। सिग्नल ग्रीन होते ही ट्रक आगे बढ़ा। इस दौरान स्कूटी को ट्रक ड्राइवर ने लेफ्ट तरफ के चक्के से अपनी चपेट में ले लिया।

बताया जा रहा है कि युवती की स्कूटी ट्रक के ब्लाइंड स्पॉट में आई। जिसे ट्रक ड्राइवर ने देखा नहीं और गाड़ी आगे बढ़ा दी। एक्सीडेंट होते ही स्कूटी ट्रक के सामने के हिस्से में फंस गईं। जिससे तान्या ट्रक के पिछले चक्के में दब गई।

### रायपुर में लगातार हो रहे सड़क हादसों के विरोध में कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

**रायपुर (आरएनएस)।** रायपुर में लगातार हो रहे सड़क हादसों को लेकर कांग्रेस ने शुक्रवार को जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। कांग्रेस नेता और पूर्व विधायक विकास उपाध्याय के नेतृत्व में स्थानीय नागरिकों ने तेलीबांधा चौक पर एकत्र होकर चक्का जाम किया। प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन और सरकार पर लापरवाही का आरोप लगाया और कहा कि हादसों को रोकने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है।

## स्निफर डॉग K-9 रोले की मौत, IED बम तलाशते समय मधुमक्खियों ने काटा




**जगदलपुर (विसं)।** छत्तीसगढ़-तेलंगाना राज्य की सीमा पर स्थित कर्रेगुट्टा हिल्स में मधुमक्खियों के हमले से CRPF के स्निफर डॉग च-9 रोले की मौत हो गई है। रोले नक्सलियों की दबाई IED को ढूंढ रहा था। इसी बीच मधुमक्खियों ने रोले और उसके हैंडलर पर हमला कर दिया। वहीं CRPF ने गॉड ऑफ ऑनर के साथ रोले को अंतिम विदाई दी है।

जानकारी के मुताबिक, रोले की उम्र करीब 2 साल थी। ये बेल्जियन शेफर्ड नस्ल का डॉग था। IED ढूंढने और हमले से बचने में माहिर था। फूल ट्रेंड था। जब भी CRPF जवानों की टीम ऑपरेशन पर निकलती थी तो सबसे आगे रोले ही चलता था। नक्सल ऑपरेशन के दौरान इसने सैकड़ों IED ढूंढने में जवानों की मदद की है।

कर्रेगुट्टा ऑपरेशन में भी ये लगातार जवानों के साथ चल रहा था। वहीं अचानक से जब मधुमक्खियों ने इस पर हमला किया तो इसके हैंडलर ने तत्काल इसे पॉलीथिन से कवर किया। लेकिन मधुमक्खियों के डंक से बुरी तरह जख्मी हो गया था। CRPF के डॉक्टर्स ने मौके पर ही इसका प्राथमिक इलाज किया। जिसके बाद इसे ग्राउंड से निकालकर कैंप लाया जा रहा था। रास्ते में ही इसने दम तोड़ दिया। वेटनरी डॉक्टर्स ने इसे मृत घोषित किया। जिसके बाद CRPF 228 बटालियन में गॉड ऑफ ऑनर देकर अंतिम विदाई दी गई। जिसके बाद कैंप में ही शव दफनाया गया।

## सौ.कां. समृद्धि संग चि. शुभम का शुभ परिणयोत्सव सौउल्लास सम्पन्न



**भोपाल (विश्व परिवार)।** महरौनी जिला ललितपुर के वरिष्ठ समाजसेवी पवैया स्टोर के संचालक श्री धन्य कुमार जैन पवैया-श्रीमती नीलम जैन की सुपुत्री सौ.कां समृद्धि का शुभ विवाह भोपाल निवासी डॉ संतोष जैन एवं श्रीमती कल्पना जैन के सुपुत्र चि. शुभम के साथ विगत दिवस रायसेन रोड स्थित शुभ शालीन स्प्रिंग में सौउल्लास संपन्न हुआ।

विवाह उत्सव में उभय पक्ष के सगे संबंधी जनों, इष्ट मित्रों, शुभ चिंतकों, व्यापारियों, समाजसेवियों ने उपस्थित होकर नव दंपति को अपनी हार्दिक शुभकामनाएं भेंट की।

दैनिक विश्व परिवार 'परिवार' नव वर वधु के भावी यशस्वी, सुदीर्घ, ऐश्वर्यपूर्ण जीवन हेतु अपनी हार्दिक शुभकामनाएं भेंट करता है।

## अशोका रत्न स्थित नवीन दिगम्बर जैन मंदिर में वेदी प्रतिष्ठा आयोजन का हुआ शुभारंभ

### गुरू गोविन्द दोऊ खड़े, काके लागूं पांय, बलिहारी गुरू आपने गोविन्द दियो बताय : आर्यिका अंतरमती माताजी













**रायपुर (विश्व परिवार)।** राजधानी रायपुर के अशोका रत्न में नव निर्मित भगवान शान्तिनाथ जिनालय की वेदी प्रतिष्ठा के कार्यक्रम के आज शुभारंभ दिवस पर सर्वप्रथम सौभाग्यवति महिलाएं शीश पर कलश रखकर आयोजित घाट यात्रा में शामिल हुई, प्रतिष्ठा के प्रमुख पात्र एवं अन्य समाज के पुरुष वर्ग श्रीजी को मंदिर जी से भव्य शोभा यात्रा के साथ प्रतिष्ठा कार्यक्रम के पंडाल में लेकर पहुंचे जहां श्रीजी को विराजमान किया गया, तत्पश्चात कलश के जल द्वारा महिलाओं ने मंडप शुद्धि की क्रियाये संपन्न की, समाज के वरिष्ठ श्रावक व प्रसिद्ध व्यवसायी गुरु भक्त श्री विनोद बड़जात्या जी ने सपरिवार जैन ध्वज फहराकर कार्यक्रम की शुरुआत की, श्री सन्मति नगर दिगम्बर जैन खंडेलवाल पंचायत के युवा अध्यक्ष श्री अरविन्द बड़जात्या जी ने फीता काटकर मंडप का उद्धघाटन किया।

पंडाल मे अस्थायी समवशरण मे विराजमान चार भगवानो को रजत पाण्डुकशीला मे विराजमान कर सभी मुख्य पात्रों व श्रावक गणों ने अभिषेक किया, शांतिधारा करने वाले पुण्यार्जक श्रावक का चयन कर उन्हें मुख्य पात्रों सहित शांतिधारा करने का सौभाग्य दिया गया।

संत शिरोमणि आचार्य गुरुवर 108 श्री विद्यासागर जी एवं उनके पट्टाचार्य गुरुवर 108 समय सागर जी के मनोहारी चित्र का अनावरण व दीप प्रज्वलन रायपुर स्थित सभी जिनालयों के अध्यक्ष द्वारा किया गया।

आमंत्रित भैयाजी आदरणीय श्री अरुण भैया जी, अंकित भैयाजी व ब्रह्मचारी सुनील भैया जी के मार्गदर्शन मे प्रतिष्ठा के अन्य पात्रों का चयन किया गया एवं मंगलाष्टक के साथ पूजन विधि प्रारम्भ की गयी देव शास्त्र गुरु की समुच्चय पूजन के पश्चात रिद्धि धारी मुनियों की पूजा मे 64 रिद्धि विधान बड़े ही भक्तिभाव व हर्षोल्लास के साथ संपन्न किया।

पूज्य आर्यिका 105 अंतरमती माताजी के द्वारा जीवन के उद्धार के लिए जिनवाणी का पान कराया गया, माताजी ने अपने प्रवचन मे गुरु की महिमा बताई, गुरु का स्थान भगवान से भी ऊँचा होता है क्योंकि गुरु हीं भगवान बनने व भगवान को पहचानने का मार्ग बताते है। कबीर दास जी का बहू प्रचलित दोहा भी है गुरू गोविन्द दोऊ खड़े, काके लागूं पांय, बलिहारी गुरू अपने गोविन्द दियो बताय।

माताजी ने बताय कि हमें अपनी शुद्धि का स्वयं ही ध्यान रखना होगा स्त्रियों को कभी भी मांगलिक कार्यों में खुले बाल नहीं रखना चाहिए यह अशुभ का संकेत चिन्ह है, धार्मिक कार्यक्रम की सभी क्रियाओं में हमें संयम व विवेक रखने की आवश्यकता है, विशुद्ध से की गई सारी क्रियाएं हमारे असंख्यात कर्मों की निर्जरा में सहायक होंगी।

आयोजन के अंत मे पूजन की सम्पूर्ण विधि विसर्जन पाठ के द्वारा पूजन संपन्न हुई,श्रावक श्राविकाओं ने आर्यिका संघ की आहार चर्या का भी सौभाग्य प्राप्त किया, तत्पश्चात उपस्थित सभी श्रावक श्राविकाओं के वात्सल्य भोजन की व्यवस्था समाज के वरिष्ठ व सम्मानित सदस्य श्री विनोद जी बड़जात्या, श्री सनत जी चूड़ीवाले व श्री जीतेन्द्र जी गदिया परिवार के द्वारा की गयी।

आयोजन का संचालन राजेश रज्जन जैन द्वारा किया गया उक्त कार्यक्रम की पूर्ण जानकारी श्री अरविंद जैन पहाड़ियां द्वारा दी गई। आज 17 मई शनिवार को प्रातः 6 बजे से अभिषेक, शांतिधारा, नित्यमय पूजन, व याग मण्डल विधान व प्रवचन आदि संपन्न होंगे।

# श्री दावड़ा विवि ने वैश्विक होटल चेन के साथ समझौता ज्ञापन पर किए हस्ताक्षर, हॉस्पिटैलिटी शिक्षा को मिलेगा नया आयाम

**रायपुर (विश्व परिवार)।** हॉस्पिटैलिटी शिक्षा के क्षेत्र में अकादमिक और उद्योग के बीच सहयोग को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, श्री दवाड़ा विश्वविद्यालय, नवा रायपुर ने दो प्रमुख अंतरराष्ट्रीय होटल चेन — कोर्टयार्ड बाय मैरियट और हयात — के साथ समझौता ज्ञापन (Mo) पर हस्ताक्षर किए हैं।

समझौता समारोह के दौरान कोर्टयार्ड बाय मैरियट की ओर से मनोज उपाध्याय (एचआर मैनेजर) और सुश्री रोमा रोज़लाइन (एचआर एक्जीक्यूटिव) उपस्थित रहे। वहीं, हयात होटल की ओर से श्री कपिल मल्होत्रा (जनरल मैनेजर) और अरुणव सरकार (असिस्टेंट एचआर मैनेजर) ने Mo पर हस्ताक्षर किए।







श्री दवाड़ा विश्वविद्यालय की ओर से डॉ. वरुण गंजीर (परीक्षा नियंत्रक) और सुश्री निकिता यादव (सहायक प्राध्यापक, होटल प्रबंधन) ने MoU में भाग लिया।

इन साझेदारियों का उद्देश्य छात्रों को वैश्विक हॉस्पिटैलिटी सेक्टर में उत्कृष्ट इंटर्नशिप, प्रशिक्षण और प्लेसमेंट के अवसर प्रदान करना है। यह पहल विश्वविद्यालय की विश्वस्तरीय शिक्षा प्रदान करने और वैश्विक होटल उद्योग के साथ अपने संबंधों को मजबूत करने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (CEO) चिन्मय दवाड़ा ने कहा, यह समझौता हमारे छात्रों के लिए एक नया क्षितिज खोलेगा। हम चाहते हैं कि हमारे विद्यार्थी वैश्विक मानकों के अनुरूप प्रशिक्षित हों और इंडस्ट्री में अग्रणी भूमिका निभाएं।

महानिदेशक डॉ. चार्मी दवाड़ा ने अपने संदेश में कहा, हमारा उद्देश्य केवल डिग्री देना नहीं, बल्कि छात्रों को ऐसे व्यावहारिक अनुभव देना है जिससे वे आत्मनिर्भर और पेशेवर बन सकें। इन समझौतों से उन्हें वह मंच मिलेगा जिसकी आज के प्रतिस्पर्धी युग में आवश्यकता है।

विश्वविद्यालय के अधिकारियों ने इस अवसर पर यह भी कहा कि इस प्रकार की साझेदारियाँ संस्थान को मध्य भारत में हॉस्पिटैलिटी शिक्षा का उत्कृष्ट केंद्र बनाने की दिशा में मजबूती से आगे बढ़ा रही हैं।

# पूरे देश में एक साथ चुनाव कराने संगोष्ठी में प्रस्ताव पारित

**रायपुर (विश्व परिवार)।** केंद्रीय आवास एवं शहरी विकास राज्य मंत्री श्री तोखन साहू के मुख्य आतिथ्य में आज यहां अटल बिहारी वाजपेई विश्वविद्यालय के सभागार में एक राष्ट्र, एक चुनाव विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी की अध्यक्षता उप मुख्यमंत्री एवं बिलासपुर जिले के प्रभारी श्री अरुण साव ने की। संगोष्ठी में एक राष्ट्र एक चुनाव लागू करने के समर्थन और ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के लिए प्रधानमंत्री के प्रति बधाई प्रस्ताव पारित किया गया। कुलपति एडीएन वाजपेई ने पारित प्रस्ताव की प्रति प्रधानमंत्री तक पहुंचाने के लिए केंद्रीय मंत्री श्री तोखन साहू को प्रस्ताव की प्रति सौंपी। अति विशिष्ट अतिथि के रूप में इस अवसर पर विधायक सर्व श्री धरमलाल कौशिक, विधायक श्री धर्मजीत सिंह,





विधायक श्री अमर अग्रवाल, विधायक श्री सुशांत शुक्ला, क्रेडा अध्यक्ष श्री भूपेंद्र सवन्नी,महापौर श्रीमती पूजा विधानी, सभापति श्री विनोद सोनी, श्री दीपक सिंह ठाकुर, श्री मोहित जायसवाल सहित ब?ी संख्या में विद्वान प्रोफेसर कॉलेज के छात्र-छात्राएं और ब?ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।

मुख्य अतिथि की आसंदी से केंद्रीय राज्य मंत्री श्री तोखन साहू ने कहा की एक राष्ट्र एक चुनाव का विषय आज के परिप्रेक्ष्य में बहुत ही जरूरी एवं प्रासंगिक है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने पिछले कुछ सालों में देश के विकास के लिए कई साहसिक कदम उठाए हैं। उनमें एक साथ देश में चुनाव कराने का प्रस्ताव भी शामिल है। प्रधानमंत्री का यह विकसित भारत के निर्माण के लिए क्रांतिकारी कदम है। यह व्यवस्था लागू हो जाने के बाद पूरे देश में सांसद और विधायकों के चुनाव एक साथ होंगे। इससे प्रशासन में स्थिरता रहेगी और विकास कार्यों के लिए ज्यादा से ज्यादा समय मिलेगा। इसके लिए कुछ जरूरी संवैधानिक संशोधन करने होंगे। चुनाव आयोग को कुछ अधिक अधिकार देना होगा। उन्होंने कहा कि संविधान निर्माता बाबा साहब अंबेडकर भी स्थिरता के लिए एक राष्ट्र एक चुनाव को जरूरी मानते थे। पंडित नेहरू ने भी एक देश एक चुनाव के आधार पर शासन चलाया, इसमें समाज के सभी वर्गों को फायदा होगा तथा समय, श्रम और धन की बर्बादी रुकेगी। उन्होंने कहा कि अभी बार-बार के चुनाव होने से लगभग 12000 करोड रुपए खर्च होते हैं। एक साथ चुनाव होने से यह बचेगी और जनता की भागीदारी भी इसमें सुनिश्चित होगी। अतिथियों ने इस अवसर पर विश्वविद्यालय की त्रैमासिक पत्रिका कन्हार का ई विमोचन भी किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए उपमुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने एक राष्ट्र एक चुनाव जैसे समसामयिक मुद्दे पर संगोष्ठी के लिए विश्वविद्यालय को बधाई दी।

# बीरगांव में पिछले कई महीनो से अवैध अतिक्रमण के खिलाफ चल रही है कार्रवाई



**बीरगांव (विश्व परिवार)।** बीरगांव नगर निगम क्षेत्र में शासकीय भूमि पर अवैध अतिक्रमण के खिलाफ बड़ा अभियान चलाया जा रहा है जिसमें चालानी कार्रवाई के साथ-साथ जाप्ती एवं बुलडोजर चलाया जा रहा है वही नगर पालिका निगम बिरगांव द्वारा पिछले 2 महीने से लगातार निगम क्षेत्र में शासकीय भूमि पर अतिक्रमण कर अवैध अतिक्रमण निर्माण को हटाने की कार्रवाई लगातार की जा रही है। इसी क्रम में दिनांक 16 मई 2025 को वार्ड क्रमांक एक उरला में शासकीय भूमि पर बनाए गए पक्के दुकानों को तोड़ू दस्ता द्वारा तोड़ा गया। उसके बाद वार्ड क्रमांक 2 उरला में एक परिवार के द्वारा गली को बंद कर दिया गया था जिसमें उसे हटाया गया उसके पश्चात वार्ड क्रमांक 38 सरोरा में नाली के ऊपर जो अतिक्रमण किया गया था उसे भी हटाया गया। वही निगम आयुक्त युगल किशोर उर्वशा ने बताया कि अतिक्रमण पर लगातार कार्रवाई जारी रहेगी।

# दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर रेल मंडल में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया





**रायपुर (विश्व परिवार)।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर रेल मंडल में ऑपरेशन सिंदूर की सफलता एवं उसमें शामिल वीर शहीदों को नमन करते हुए भारत की जीत के हर्ष में रायपुर रेल मंडल के रेल कर्मियों ने श्री अवधेश कुमार त्रिवेदी जी के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया। यह तिरंगा यात्रा दिनांक 16 मई, 2025 को प्रातः 07ः00 बजे रेलवे इंस्टीट्यूट खारुन विहार, रायपुर से रेलवे स्टेशन तक आयोजन किया गया। इस तिरंगा यात्रा में रायपुर रेल मंडल के स्काउट गाइड रायपुर स्टेशन सलाहकार समिति के सदस्य स्थानीय नागरिक रेलवे अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। सभी ने ओजस्वी नारों से शहीदों को याद किया। एवं रायपुर स्टेशन पर पहुंचकर शहीदों की याद में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी श्री राहुल गर्ग एवं सहायक वाणिज्य प्रबंधक अविनाश कुमार आनंद भी उपस्थित रहे।

## दपूमरे की 02 जोड़ी एक्सप्रेस गाड़ियों में अतिरिक्त एसी-3 इकॉनमी कोच की सुविधा स्थायी रूप से

**रायपुर (विश्व परिवार)।** रेलवे प्रशासन द्वारा यात्री सुविधाओं में निरंतर वृद्धि करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में यात्रियों की बेहतर यात्रा सुविधा व अधिकाधिक यात्रियों को कन्फर्म बर्थ उपलब्ध कराने हेतु दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से चलने वाली 02 जोड़ी एक्सप्रेस गाड़ियों में एक अतिरिक्त एसी-3 इकॉनमी कोच की सुविधा स्थायी रूप से उपलब्ध कराई जा रही है। जिसका विवरण इस प्रकार है- गाड़ी संख्या 18241/18242 दुर्ग-अम्बिकापुर-दुर्ग एक्सप्रेस में एक अतिरिक्त एसी-3 इकॉनमी कोच की सुविधा दुर्ग से 20 मई 2025 तथा अम्बिकापुर से 21 मई 2025 से स्थायी रूप से उपलब्ध रहेगी। गाड़ी संख्या 18756/18755 अम्बिकापुर-शहडोल-अम्बिकापुर एक्सप्रेस में एक अतिरिक्त एसी-3 इकॉनमी कोच की सुविधा अम्बिकापुर से 21 मई 2025 तथा शहडोल से 21 मई 2025 से स्थायी रूप से उपलब्ध रहेगी।

# स्वास्थ्य मंत्री श्री जायसवाल ने सीएचसी लवन का किया निरीक्षण

## सोनोग्राफी मशीन व विशेषज्ञ चिकित्सकों की जल्द मिलेगी सुविधा



**रायपुर/बलौदाबाजार (विश्व परिवार)।** स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल ने आज बलौदाबाजार के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लवन का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पताल के ओपीडी एवं आईपीडी सहित अन्य सुविधाओं की जानकारी ली। इस दौरान अस्पताल में सोनोग्राफी मशीन व विशेषज्ञ चिकित्सकों की व्यवस्था हेतु सीएमएचओ को प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिये। इसके साथ ही निर्बाध विद्युत आपूर्ति हेतु डीजी सेट एवं महिला एवं पुरुष वार्ड में एसी लगाने के भी निर्देश दिये।

स्वास्थ्य मंत्री ने अस्पताल के निरीक्षण के दौरान दवा वितरण कक्ष, महिला वार्ड पुरुष वार्ड एवं प्रसूति कक्ष में भर्ती मरीजों से मिलकर उनकी हाल -चाल जाना। उन्होंने मरीजों से भोजन व अस्पताल में उपलब्ध सुविधाओं के सबंध में पूछताछ की। उन्होंने अस्पताल में मौजूद चिकत्साकों व स्टॉफ से सेवा भाव व पूर्ण समर्पण के साथ अपने दायित्व का निर्वहन करने के निर्देश दिये। उन्होंने अस्पताल परिसर व कक्षों में साफ सफाई, स्वच्छता, शुद्ध पेयजल पर विशेष ध्यान देने के भी निर्देश दिये।

बताया गया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लवन वर्तमान में 30 बेड के साथ संचालित है। यहां ओपीडी में प्रतिदिन लगभग 80 की संख्या में पंजीयन होता है।

इस दौरान जांजगीर- चाम्पा सांसद श्रीमती कमलेश जांग? पूर्व विधानसभा अध्यक्ष श्री गौरीशंकर अग्रवाल,कलेक्टर दीपक सोनी, पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी मौजूद थे।

## मुख्य नगर पालिका महोदय, शिवनंदनपुर विश्रामपुर जिला सूरजपुर (छ.ग.)

**विषय- दुकान स्थानांतरण हेतु आवेदन**

**माननीय,**

महोदय निवेदन है कि हमें विश्रामपुर संडे मार्केट में पंचायत द्वारा दुकान मिला था जिसकी कोई राशि पंचायत में शेष नहीं है जो की मैं अपने **बड़े पुत्र- सूरज कुमार मंडल** के नाम पर स्थानांतरण करना चाहती हूं जिससे मुझे और मेरे परिवार के किसी सदस्य को कोई समस्या नहीं है ।

अत: माननीय महोदय जी से निवेदन है कि मेरे पुत्र के नाम पर स्थानांतरण कर मेरी आवेदन को स्वीकार करें। धन्यवाद!

**प्रार्थी**

**नाम विमला देवी पता -शांति नगर शिवनंदनपुर विश्रामपुर ( छ.ग. )।**

**मोबाइल नंबर -8770849489.**

**दिनांक-15/05/2025**

## कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला- रायपुर (छ.ग.)

Email :birgaonmcp@gmail.com, Website : www.nagarnigambirgaon.com

**-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-**

**नामांतरण प्रकरण क्र. 18 दिनांक 15.05.2025**
**वार्ड का नाम- डॉ रविन्द्रनाथ टैगोर वार्ड**
**वार्ड क्र. 40 वर्ष- 20225-26**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नानुसार भवन/भूमि जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में वार्ड क्रमांक 40 मांग **पंजी क्र. 248 युआईडी 31430** अनुसार अधिभोगी का नाम श्री/श्रीमती **व्यासनारायण / पीताम्बर सिंह** से दर्ज है, श्री/श्रीमती **सावित्री बाई / स्व. ब्यास नारायण राजपूत** अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/ लिखत द्वारा/ वंशानुक्रम/ बिक्रीनामा आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **14-06-2025** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

**राजस्व अधिकारी**
**नगर पालिक निगम, बीरगांव**
**जिला-रायपुर ( छ.ग. )**

## कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला- रायपुर (छ.ग.)

Email :birgaonmcp@gmail.com, Website : www.nagarnigambirgaon.com

**-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-**

**नामांतरण प्रकरण क्र. 19 दिनांक 15.05.2025**
**वार्ड का नाम- दानवीर भामाशाह वार्ड**
**वार्ड क्र. 03 वर्ष- 2025-26**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नानुसार भवन/भूमि जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में वार्ड क्रमांक 03 मांग **पंजी क्र. 283 युआईडी 11069** अनुसार अधिभोगी का नाम श्री/श्रीमती **विष्णु वर्मा / रामेश्वर वर्मा** से दर्ज है, श्री/श्रीमती **मनीष वर्मा / विष्णु वर्मा** अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/ लिखत द्वारा/ वंशानुक्रम/ बिक्रीनामा आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **14-06-2025** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

**राजस्व अधिकारी**
**नगर पालिक निगम, बीरगांव**
**जिला-रायपुर ( छ.ग. )**

## कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला- रायपुर (छ.ग.)

Email :birgaonmcp@gmail.com, Website : www.nagarnigambirgaon.com

**-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-**

**नामांतरण प्रकरण क्र. 17 दिनांक 15.05.2025**
**वार्ड का नाम- पं. जवाहर लाल नेहरू वार्ड**
**वार्ड क्र. 33 वर्ष- 20225-26**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नानुसार भवन/भूमि जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में वार्ड क्रमांक 33 मांग **पंजी क्र. 104 युआईडी 29564** अनुसार अधिभोगी का नाम श्री/श्रीमती **प्रियंका राजकुमार गुप्ता / राजकुमार गुप्ता** से दर्ज है, श्री/श्रीमती **निधी सोनी / संपत कुमार सोनी** अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/ लिखत द्वारा/ वंशानुक्रम/ बिक्रीनामा आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **16-06-2025** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

**राजस्व अधिकारी**
**नगर पालिक निगम, बीरगांव**
**जिला-रायपुर ( छ.ग. )**

## कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-02, शंकर नगर रायपुर (छ.ग.), फोन नं.- 0771-4903223

Email Id: eocghbzone02@gmail.com

**आम-सूचना**

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि दीनदयाल आवास योजनांतर्गत सड्डू, रायपुर में स्थित **एल.आई.जी. भवन क्रमांक-848, श्रीमती माधवी वर्मा पति श्री भोजराम वर्मा** के नाम से नामांतरित है, नामांतरी द्वारा उक्त भवन की विक्रय विलेख **दिनांक 26/04/2019** पंजीकृत कराने के उपरांत भवन की पूर्ण राशि जमा कर नामांतरण आदेश प्राप्त कर लिया है, वर्तमान में नामांतरी **श्रीमती माधवी वर्मा पति श्री भोजराम वर्मा** निवासी स्वप्नील निवास **आईसक्रीम फैक्ट्री रोड, बुद्धविहार के पास, अशोक नगर, गुढ़ियारी रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.)** के द्वारा उक्त भवन को **क्रेता कु. जयश्री वर्मा पिता श्री हेमलाल वर्मा निवासी स्ट्रीट नंबर-13, रिलायंस टॉवर के पास, आदर्श नगर, मोवा, सड्डू, रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.)** के नाम से विक्रय करने के लिये इस कार्यालय में अपना आवेदन एवं विक्रय इकरारनामा, शपथ पत्र एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत कर अनापत्ति प्रमाण पत्र (NOC) की मांग की गई है।

अतः उक्त भवन के विक्रय के संबंध में किसी व्यक्ति, शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तिय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

**सम्पदा अधिकारी,**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,**
**सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-02, रायपुर ( छ.ग. )**

## कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01, सिरपुर भवन, व्यवसायिक परिसर कबीर नगर, रायपुर

email Id- eocghbzone1@gmail.com

**आम-सूचना**

छत्तीसगढ गृह निर्माण मण्डल द्वारा कबीर नगर रायपुर में निर्मित दीनदयाल आवास योजना के अतंर्गत, भवनों में से फ्लैट / भवन **क्रमांक एल.आई.जी.-70/836** प्रथम तल में **श्रीमती चित्तुरी पदमावती पति स्व. श्री सी.एच. राम प्रसाद को भाड़ाक्रय** / स्ववित्तीय / एकमुश्त आधार पर आबंटित / नामांतरित किया गया है। आबंटी द्वारा **दिनांक 24.06.2010** को विक्रय विलेख निष्पादित कर लिया गया।

आबंटी के द्वारा उक्त फ्लैट / भवन के विक्रय हेतु **दिनांक 16.04.2025** को निष्पादित विक्रय इकरारनामा की छायाप्रति प्रस्तुत कर उक्त फ्लैट / भवन **श्रीमती रीता सोनपिपरे पति श्री निराकार सोनपिपरे** के नाम से विक्रय करने के लिए विक्रय अनुमति की मांग की हैं।

अतः किसी भी व्यक्ति शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/भवन के विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आमसूचना प्रकाशन के 15 दिन के अन्दर समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नही की जावेगी।

**सम्पदा अधिकारी,**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,**
**सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01**
**कबीर नगर, रायपुर**

## कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-8) मोहबा बाजार, रायपुर

E-mail ID - rmczone8@gmail.com

पत्र क्र. /20883/ न.पा.नि./जोन क्र.-8/2025
रायपुर, दिनांक 15-05-2025

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 20883**
**वार्ड का नाम- 69 - माधवराव सप्रे वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 69 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR568B01604** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **HARISH SONKAR** पिता/पति, श्री/श्रीमती **BUDHRAM SONKAR** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **DHEERAJ KUMAR** पिता/पति, श्री/श्रीमती **BREEJ KUMAR** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-

**श्री जसदेव सिंह बाबरा**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक-8**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

## कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-8) मोहबा बाजार, रायपुर

E-mail ID - rmczone8@gmail.com

पत्र क्र. /20888/ न.पा.नि./जोन क्र.-8/2025
रायपुर, दिनांक 15-05-2025

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 20888**
**वार्ड का नाम- 69 - माधवराव सप्रे वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 69 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR568B01404** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **KISHORE RAO MALGE** पिता/पति, श्री/श्रीमती **NARAYAN RAO MALGE** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **MANOJ BACHAR** पिता/पति, श्री/श्रीमती **BHUDAR BACHAR** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-

**श्री जसदेव सिंह बाबरा**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक-8**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

## कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-03, सेजबहार, रायपुर (छ.ग.)फोन नं.-0771-2991574

Email Id: eocghbzone03@gmail.com

**आम-सूचना**

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि **दीनदयाल आवास योजना, सेजबहार/दतरेंगा,** रायपुर में स्थित **भवन क्र. एल.आई.जी.-44, श्री जीनू जार्ज पिता श्री पी.सी. जार्जकुट्टी,** के नाम पर इस कार्यालय का आबंटन आदेश **क्रमांक 5441 दिनांक 26.10.2006** द्वारा भाड़ाक्रय आधार पर आबंटित है। आबंटी द्वारा उक्त भवन का पूर्ण मूल्य जमा कर अपने पक्ष में **दिनांक 11.08.2016** को सेलडीड पंजीकृत करा लिया गया है। तत्पश्चात् वर्तमान में आबंटी **श्री जीनू जार्ज पिता श्री पी.सी. जार्जकुट्टी निवासी: एम.आई.जी.-52, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, टाटीबंध, रायपुर (छ.ग.)** द्वारा उक्त भवन को **क्रेता श्री चन्दन दास पिता श्री सीमान्वल दास, निवासी: मकान नं.-166, सड़क-नयापरा, आल इंडिया रेडियो के सामने, मोती लाल नेहरू वार्ड नं.-15, जगदलपुर (छ.ग.)** के पक्ष में विक्रय करने हेतु आवेदन पत्र, विक्रय इकरारनामा एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त भवन के विक्रय के संबंध में किसी व्यक्ति शासकीय /अर्द्धशासकीय/वित्तीय संस्था बैंक इत्यादि को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के आपत्ति प्रस्तुत करें। बाद में आपत्ति मान्य नहीं की जायेगी।

**सम्पदा अधिकारी,**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,**
**प्रक्षेत्र-03, सेजबहार, रायपुर छ.ग.**

## कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10) अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर

E-mail ID - rmczone10@gmail.com

पत्र क्र./18429/ न.पा.नि./जोन क्र.-10/2025
रायपुर, दिनांक 17-03-2025

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 18429**
**वार्ड का नाम- 53 - बाबू जगजीवनराम वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 53 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR651I00643** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **HARISH KUMAR GULWANI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **KANHAIYA LAL PRAKASH CHAND GULWANI S/O KANHAIYA LAL** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **RAJKUMAR LALWANI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **PRAKASH CHAND LALWANI** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-

**श्री राकेश शर्मा**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक-( 10 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

## कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला- रायपुर (छ.ग.)

Email :birgaonmcp@gmail.com, Website : www.nagarnigambirgaon.com

**-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-**

**नामांतरण प्रकरण क्र. 16 दिनांक 15.05.2025**
**वार्ड का नाम- महात्मा गांधी वार्ड**
**वार्ड क्र. 34 वर्ष- 20225-26**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नानुसार भवन/भूमि जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में वार्ड क्रमांक 34 मांग **पंजी क्र. 108 युआईडी 28307** अनुसार अधिभोगी का नाम श्री/श्रीमती **कुंती बाई देवांगन / महादेव देवांगन** से दर्ज है, श्री/श्रीमती **राजेश्वरी देवांगन / महादेव देवांगन** अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/ लिखत द्वारा/ वंशानुक्रम/ बिक्रीनामा आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **14-06-2025** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

**राजस्व अधिकारी**
**नगर पालिक निगम, बीरगांव**
**जिला-रायपुर ( छ.ग. )**

# सूरजपुर जिला चिकित्सालय ने मारी बाजी स्वास्थ्य सेवाओं में अव्वल, अटल मॉनिटरिंग पोर्टल पर प्रदेश में आया प्रथम

**गोपाल सिंह विद्रोही**



**सूरजपुर ब्यूरो (दैनिक विश्व परिवार )** छत्तीसगढ़ के सूरजपुर जिले ने स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रदर्शन करते हुए वर्ष 2024-25 की अटल मॉनिटरिंग पोर्टल रैंकिंग में पूरे राज्य में पहला स्थान हासिल किया है। यह उपलब्धि जिले की स्वास्थ्य व्यवस्थाओं की गुणवत्ता, प्रभावशीलता और पहुँच को दर्शाती है।

अटल मॉनिटरिंग पोर्टल के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाओं के निवारक, प्रोत्साहनात्मक और उपचारात्मक पक्षों का आकलन किया जाता है। इस मूल्यांकन में सूरजपुर ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, उप-स्वास्थ्य केंद्रों और जिला अस्पतालों के माध्यम से जनसामान्य तक उत्तम सेवाएं पहुँचाने में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। जिला स्वास्थ्य विभाग द्वारा ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार, जन-जागरूकता अभियान, तथा सेवा प्रदाय की सतत निगरानी ने इस उपलब्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

उल्लेखनीय है कि कलेक्टर एस जयवर्धन के मार्गदर्शन में और सीएमएचओ डॉ के डी पैकरा, सिविल सर्जन डॉ अजय मरकाम एवं डीपीएम प्रिंस जायसवाल के कुशल नेतृत्व एवं चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य विभाग कर्मचारियों के संयुक्त प्रयास से जिले में स्वास्थ्य सेवाओं के बेहतरी के लिए निरंतर प्रयास किया जा रहा है। इसके लिए कलेक्टर द्वारा नियमित स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा की जाती है और सभी स्तर पर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को विशेष रूप से निर्देशित किया जाता है।


## जयनगर पुलिस ने दविश दे बाइक चोर गिरोह का किया पर्दाफाश



### पाँच लाख रूपये कीमत का 12 बाइक सहित चार चोर पुलिस के चंगुल में, लोगों ने जयनगर पुलिस की इस कार्रवाई पर भूरि भूरि प्रशंसा की

**सूरजपुर ब्यूरो( दैनिक विश्व परिवार )**–जयनगर पुलिस को मिली बड़ी सफलता साप्ताहिक बाजारों से बाइक चोरी करने वाले गिरोह को पुलिस ने किया पर्दाफाश जानकारी के अनुसार जयनगर पुलिस थाना अंतर्गत विभिन्न साप्ताहिक बाजारों से सूरजपुर जिला मुख्यालय के बाइक चोरों द्वारा बाइक चोरी का अंजाम दिया जा रहा था ।बार–बार शिकायत मिलने पर जयनगर पुलिस थाना के थाना प्रभारी नरेंद्र सिंह अपने पुलिस कर्मियों के साथ जल बिछाई जिसके तहत जयनगर में पदस्थ उप निरीक्षक सोहन सिंह की मार्गदर्शन में प्रधान आरक्षक राजेंद्र एक्का ,दीपक दुबे राजकुमार पासवान सहित आरक्षक रवि राजवाड़े, विकास मिश्रा, सैनिक मुजाहिद, जहांगीर, नोहर साय राजवाड़े, चंदन सिंह ने विभिन्न साप्ताहिक बाजारों में मुखबिर के माध्यम से काल बिछाई अंततः चार आरोपी क्रमशः मनोज रजक आत्मज दरबारी रजक उम्र 35 निवासी सूरजपुर, मोहम्मद नफीस आत्मज अरशद निवासी सूरजपुर 29 ,आरिश इराकी आत्मज सिराजुद्दीन इराकी40, रामदास आत्मज बुधराम उम्र 32 वर्ष भरतपुर सूरजपुर निवासी को जयनगर पुलिस ने घर दबोचा। पुलिसिया पूछताछ में उक्त आरोपीयो ने बताया कि वे साप्ताहिक बाजार पार्वतीपुर,जयनगर, देवनगर, श्रीनगर ,भैया थान आदि साप्ताहिक बाजारों से मोटरसाइकिल एवं अन्य सामान की चोरी कर बेचते थे ।आरोपियों ने बताया कि सूरजपुर निवासी मनोज रजक के गोदाम में मोटरसाइकिल एकत्रित करते थे तथा ग्राहक की खोजबीन करके बेचते थे यह सिलसिला लंबे समय से चला रहे थे। पुलिस द्वारा बाइक चोर गिरोह का पर्दाफाश किया जाने पर लोगों ने जयनगर पुलिस की भूरि भूरि प्रशंसा की तथा भविष्य में भी इसी तरह के कार्य करने की उम्मीद जताई।

## जिला पंचायत सीईओ ने किया विकास कार्यों का औचक निरीक्षण, गुणवत्तापूर्ण निर्माण हेतु दिए निर्देश





**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार )** –कलेक्टर एस जयवर्धन के निर्देशन में जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती कमलेश नंदिनी साहू द्वारा जनपद पंचायत भैयाथान अंतर्गत ग्राम पंचायत सुन्दरपुर, मसीरा एवं भैयाथान में संचालित विभिन्न विकास एवं निर्माण कार्यों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान ग्राम सुन्दरपुर में प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों के साथ आवास चौपाल का आयोजन कर उनसे प्रत्यक्ष संवाद किया गया। हितग्राहियों को आगामी वर्षा ऋतु से पूर्व आवास पूर्ण करने हेतु प्रेरित किया गया, जिससे वे सुरक्षित एवं सशक्त आवास सुविधा प्राप्त कर सकें।

सीईओ ने मौके पर उपस्थित अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता न किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि कार्यों में लापरवाही या अनियमितता की शिकायत प्राप्त होती है, तो संबंधित अधिकारी अथवा कर्मचारी के विरुद्ध आवश्यक अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान मनरेगा के तहत हो रहे नाला डिसिल्टिंग कार्य, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत सीएलएफद्वारा संचालित वृक्षारोपण एवं प्लांटेशन, तथा आंगनबाड़ी भवन निर्माण कार्यों का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के पश्चात संबंधित विभागीय अधिकारियों को कार्यों को निर्धारित समय–सीमा में पूर्ण करने के साथ–साथ उच्च गुणवत्ता बनाए रखने हेतु आवश्यक दिशा–निर्देश प्रदान किए गए।

## उत्कर्ष योगा कार्यक्रम का सफल आयोजन, बच्चों को मिला तनावमुक्त जीवन का मंत्र

**सूरजपुर ब्यूरो( दैनिक विश्व परिवार )**– गुरुदेव श्री श्री रविशंकर जी की आर्ट ऑफ लिविंग फाउंडेशन के तत्वावधान में बिश्रामपुर में आयोजित उत्कर्ष योगा कार्यक्रम हुआ।

उक्त समापन समारोह में नगर पंचायत अध्यक्ष निर्मला यादव एवं पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष राजेश यादव प्रमुख रूप से आमंत्रित थे । कार्यक्रम के दौरान दोनों अतिथियों ने बच्चों को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई एवं सभी प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र वितरित किया।




उक्त विशेष योग शिविर में 7 से 14 वर्ष की आयु के बच्चों के लिए आयोजित किया गया था, जिसमें नगर के विभिन्न वर्गों से बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शिविर में योग, ध्यान, ग्रुप प्रोसेस, खेल और प्रेरणादायक कहानियों के माध्यम से बच्चों के शारीरिक, मानसिक और नैतिक विकास पर केंद्रित गतिविधियाँ करवाई गईं।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को तनावमुक्त जीवनशैली अपनाने, स्मरण शक्ति बढ़ाने, आत्मविश्वास, टीम भावना, सेवा भाव तथा नैतिक मूल्यों से जोड़ना था। बच्चों के अभिभावकों ने बताया कि इस शिविर के बाद बच्चों में सकारात्मक मानसिक बदलाव देखने को मिला है उनमें नई ऊर्जा, अनुशासन और सेवा की भावना विकसित हुई है। कई अभिभावकों ने इस शिविर को दोबारा आयोजित किए जाने की मांग भी की है।

आयोजन समिति ने इस सफल कार्यक्रम में सहयोग देने के लिए समस्त नगरवासियों का आभार व्यक्त किया है और आश्वस्त किया है कि भविष्य में भी इस प्रकार के आयोजन बच्चों के समग्र विकास के लिए नियमित रूप से किए जाते रहेंगे।

अगली पहल के रूप में 20 मई से 18 वर्ष से अधिक आयु के युवाओं व वयस्कों के लिए हैप्पीनेस कोर्स आयोजित किया जाएगा। इच्छुक प्रतिभागी आर्ट ऑफलिविंग ग्रुप से संपर्क कर सकते हैं।

## डीएमसीएई कमेटी बैठक का किया गया आयोजन

**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार )**–भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिला स्तर पर गठित डीएमसीएई कमेटी का बैठक आगामी निर्वाचनों में सम्पूर्ण मतदान प्रक्रिया को दिव्यांग मतदाताओं के अनुकुल ''सुगम एवं समावेशी'' बनाने पर कोई मतदाता न छूटे के उद्देश्य से दिव्यांग मतदाताओं के पंजीकरण में बढ़ोत्तरी किये जाने हेतु कलेक्टर श्री एस जयवर्धन की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सुझाव दिया गया कि जिले के मेडीकल बोर्ड में दिव्यांग मतदाताओं को जारी दिव्यांगता प्रमाण पत्र में 17 एवं 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले दिव्यांगों की सूची कार्यालय को उपलब्ध कराया जाये। जिससे सूची संबंधित ईआरओ को प्रषित करते हुए मतदाता सूची में नाम जोड़ने एवं चिन्हांकित करने की कार्यवाही की जा सके। उप संचालक, समाज कल्याण विभाग को 04 अर्हता तिथि के अनुसार प्रत्येक अर्हता तिथि में 17 एवं 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले दिव्यांगों की अद्यतन जानकारी कार्यालय को उपलब्ध कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया। मतदान केन्द्र स्तर पर बीएलओ के माध्यम से 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले, छूटे हुए शेष दिव्यांग मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में जोड़े जाने एवं चिन्हांकित किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिव्यांगजनों हेतु उपलब्ध करायी गई सुविधा का लाभ लेने के लिये अपने संघ के माध्यम से दिव्यांगजनों के मध्य जानकारी दिये जाने एवं मतदाता सूची में नाम पंजीकरण एवं चिन्हांकित करने हेतु सहयोग प्रदाय किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। जिले स्तर पर संचालित एनजीओएस के पदाधिकारियों से कोई दिव्यांग मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में न छूटे एवं मतदान दिवस को आयोग के द्वारा व्हीलचेयर एवं पीक व ड्रोप की सुविधा उपलब्ध करायी गई है। सुविधा का लाभ प्राप्त किये जाने हेतु मतदाता सूची में चिन्हांकित किया जाना आवश्यक है।

## जबरिया मांग में सिंदूर भरने वाले को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**जशपुर।** जशपुर जिले के थाना फरसाबहार क्षेत्र की एक ग्राम की प्रार्थीया ने थाना फरसाबहार में रिपोर्ट दर्ज कराया, कि उसका वर्ष 2000 में एक व्यक्ति के साथ सामाजिक रीति रिवाज से विवाह हुआ था, व उसके पांच बच्चे भी हैं, वर्ष 2012 में पारिवारिक विवाद के कारण उनका तलाक भी हो गया है और वह तब से अपने बच्चों के साथ एक अलग घर में रहती है। इसी बीच 14.09.21 को प्रार्थिया किसी निजी कार्य से अपने गांव के करीब स्थित दूसरे गांव गई थी, इसी दौरान प्रार्थिया के गांव का ही एक युवक आरोपी अनूप एक्का उसे मिला और बोला कि मैं तुम्हे पसंद करता हूं, और शादी करना चाहता हूं, जिस पर प्रार्थिया के द्वारा कहा गया कि वह तलाकशुदा है और उसके पांच बच्चे भी हैं, तुम्हे कोई और लड़की भी मिल जाएगी, जिस पर आरोपी अनूप एक्का के द्वारा कहा गया था कि, वह उसी को पसंद करता है और उसी से शादी करेगा, उस दिन, रात को आरोपी अनूप एक्का प्रार्थिया के घर आया, और शादी का झांसा देते हुए प्रार्थिया के मना करने के बावजूद दुष्कर्म किया, कुछ दिनों के बाद आरोपी अनूप एक्का ने सिंदूर की डिबिया लाकर, प्रार्थिया के मांग में सिंदूर भर दिया था। तब से लेकर 17.04.25 तक वह प्रार्थिया का दैहिक शोषण करता रहा। इसी दौरान प्रार्थिया के द्वारा जब शादी करने की बात कही जाती थी, तो आरोपी अनूप एक्का कहता था कि सिंदूर तो लगा दिया हूं, शादी बाद में करेंगे। एक दिन प्रार्थिया को किसी से पता चला कि आरोपी अनूप एक्का किसी और से शादी कर लिया है, जब प्रार्थिया ने फोन के माध्यम से अनूप एक्का से संपर्क कर शादी के संबंध में पूछने पर उसके द्वारा बताया गया कि वह किसी और से शादी कर चुका है व उससे संबंध नहीं रखना चाहता है, इस प्रकार आरोपी अनूप एक्का के द्वारा तलाक शुदा महिला जानते हुए भी, शादी का झांसा देकर प्रार्थिया का दैहिक शोषण किया है। रिपोर्ट पर थाना फरसाबहार में आरोपी अनूप एक्का के विरुद्ध भा. द. वि. की धारा 450, 376व 376(2)ढ के तहत अपराध पंजीबद्ध कर जांच विवेचना में लिया गया।

## संक्षिप्त-खबर

### इंशा फातिमा ने दसवीं सीबीएसई बोर्ड में शानदार प्रदर्शन भटगांव क्षेत्र का किया नाम रौशन



**सूरजपुर ब्यूरो( दैनिक विश्व परिवार )**– भटगांव की इंशा फातिमा ने सीबीएसई दसवीं बोर्ड में 93.6 प्रतिशत अंक प्राप्त करके शानदार प्रदर्शन किया और क्षेत्र का किया नाम रोशन किया है। मेघावी इंशा फातिमा भटगांव क्षेत्र के प्रतिष्ठित ठेकेदार फिरोज सिद्दीकी की पुत्री है। इन्होने सीबीएसई 2025 की बोर्ड परीक्षा कक्षा दसवीं का एग्जाम होली क्रॉस स्कूल अम्बिकापुर मे दिया था उन्हें 93.6 प्रतिशत अंक प्राप्त हुवे। इंशा ने अपने प्रदर्शन से गुरुजनों एवं परिवार को गौरवान्वित किया है। इंशा फातिमा शुरू से ही होनहार छात्र रहीं हैं,काफी लगन से अपने मुकाम को हासिल किया इस सफलता का श्रेय उन्होंने अपने माता–पिता एवं गुरुजनों को दिया है।उन्होंने अपना और अपने क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इससे आज पूरे भटगांव क्षेत्र एवं उनके परिवार में खुशी का माहौल है।

### अनुराग जायसवाल का दसवीं सीबीएसई बोर्ड में शानदार प्रदर्शन भटगांव क्षेत्र का किया नाम रोशन



सुरतपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार )– भटगांव के अनुराग जायसवाल ने सीबीएसई दसवीं बोर्ड में 98.4 प्रतिशत अंक प्राप्त करके डी ए व्हि स्कूल भटगांव मे प्रथम स्थान प्राप्त करके शानदार प्रदर्शन किया और क्षेत्र का किया नाम रोशन किया है। मेघावी अनुराग जायसवाल शिक्षक हरकेश कुमार जायसवाल शिक्षिका ललिता जायसवाल के पुत्र है इन्होने सीबीएसई 2025 की बोर्ड परीक्षा कक्षा दसवीं में 500 मे 492 नंबर ला कर 98.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर गुरुजनों एवं परिवार को गौरवान्वित किया है। अनुराग जायसवाल शुरू से ही होनहार छात्र रहे रहे हैं काफी लगन से अपने मुकाम को हासिल किया इस सफलता का श्रेय उन्होंने अपने माता–पिता एवं गुरुजनों को दिया अनुराग जायसवाल के माता–पिता दोनों ही शिक्षक हैं।उन्होंने अपना और अपने क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इससे आज पूरे भटगांव क्षेत्र एवं उनके परिवार में खुशी का माहौल है।

### जीआईआईएस नोएडा के छात्रों ने सीबीएसई कक्षा बहारवी के परिणामों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया

**नोएडा।** ग्लोबल इंडियन इंटरनेशनल स्कूल (जीआईआईएस), नोएडा के छात्रों नेसीबीएसई कक्षा 12वीं बोर्ड परीक्षा 2025 में शानदार प्रदर्शन किया है, जिसमें 88त्न छात्रों ने प्रथम श्रेणी में अंक प्राप्त किए हैं। शैक्षणिक उत्कृष्टता के उल्लेखनीय प्रदर्शन नेक्वालिटी एजुकेशन के लिए एक प्रमुख संस्थान के रूप में स्कूल की स्थिति को मजबूतकिया है। इस बैच में मन्नत बैंस सबसे आगे रहीं, जिन्होंने 97त्न अंक प्राप्त किए, दूसरे स्थान परअद्विका रहीं जिन्होंने 95त्न अंक प्राप्त किए तथा आरोही ने 93त्न अंक प्राप्त करकेतीसरा स्थान प्राप्त किया। इस उपलब्धि पर टिप्पणी करते हुए, जीआईआईएस नोएडा के प्रिंसिपल गणेश शर्माने कहा: सीबीएसई बोर्ड परीक्षाओं में अपने कक्षा 12 के छात्रों के शानदार प्रदर्शन परहमें बेहद गर्व है। हमारे सभी टॉपर्स को उनकी लगन और दृढ़ता के लिए बधाई। मन्नतबैंस द्वारा 97त्न का सर्वोच्च स्कोर हासिल करना पूरे जीआईआईएस नोएडा कमीनिटी के लिए गर्व का क्षण है। ये परिणाम हमारे छात्रों की अटूट प्रतिबद्धता, हमारे टीचर्स कीकड़ी मेहनत और हमारे पैरेंट कम्युनिटी के निरंतर समर्थन को दर्शाते हैं।

## ओरवर समाधान शिविर में 4956 आवेदनों का निराकरण

**बिलासपुर।** सुशासन तिहार के तहत आज मस्तूरी ब्लॉक के ओखर में समाधान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में पूर्व मंत्री कृष्णमूर्ति बांधी, संभागायुक्त सुनील जैन, कलेक्टर संजय अग्रवाल, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती अरूणा चन्द्रप्रकाश सूर्या, श्रीमती सतकली बावरे, जनपद सदस्य श्रीमती सरिता नरेन्द्र नायक, हेमचंद भार्गव, श्रीमती मेनका सुमीत जगत, सीईओ जिला पंचायत संदीप अग्रवाल सहित अन्य अधिकारी–कर्मचारी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उत्साह से शामिल हुए। शिविर में सुशासन तिहार के तहत 5124 आवेदन मिले थे जिनमें से 4956 आवेदनों का निराकरण कर लिया गया है। संभागयुक्त एवं कलेक्टर ने विभिन्न स्टालों का निरीक्षण भी किया 7



शिविर को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री कृष्णमूर्ति बांधी ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप शासकीय कामकाज में पारदर्शिता लाने, शासकीय योजनाओं, कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने और लोगों की समस्याओं का समयबद्ध निराकरण करने के उद्देश्य से सुशासन तिहार मनाया जा रहा है। सुशासन तिहार के तहत सरकार लोगों के गांव, घर तक पहुंचकर उनकी समस्याओं का निराकरण कर रही है। संभागायुक्त सुनील जैन ने भीषण गर्मी के बावजूद समाधान शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि बड़ी संख्या में आपकी उपस्थिति अपने अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति आप लोगों की जागरूकता का परिचायक है। उन्होंने भीषण जल संकट एवं भू–जल के लगातार गिरते स्तर को देखते हुए लोगों से पानी के संरक्षण एवं संवर्धन के कार्य में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने की अपील की।

शिविर में राजस्व विभाग द्वारा किसान किताब, जन्म प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, समाज कल्याण विभाग द्वारा ट्राइसिकल, सहायक यंत्र, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा समूह की दीदियों को एनआरएलएम के तहत ऋण लिंकेज की राशि छह समूहों को 10.50 लाख रुपए और पाँच समूहों को 8 लाख रुपए राशि का चेक, जॉब कार्ड, कृषि विभाग द्वारा किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड, मत्स्य विभाग द्वारा मछली जाल, और आईस बॉक्स प्रदान किया गया।

इसके अलावा शिविर में अनेक हितग्राही मूलक योजनाओं के अंतर्गत हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। समाधान शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर लोगों को योजनाओं की जानकारी दी गई।

## रबी फसल के अलावा खरीफ सीजन में भी खेती करके आर्थिक रूप से बन रहे सशक्त

### किसान शंभू साय ने गर्मी में लगाया मूंगफली की फसल

**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव के मंशानुरूप जिले के किसानों को अच्छी आमदनी मिले और किसान आर्थिक रूप से सशक्त हो इस हेतु कृषि और उद्यान विभाग द्वारा किसानों को रबी फसल के अलावा खरीफ सीजन में भी खेती करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है और खेती के लिए उपयुक्त बीच सहित विभागीय योजनाओं से मिलने वाली लाभों की जानकारी देकर उन्नती कृषि करने में मार्गदर्शन के साथ सहयोग किया जा रहा है। इसी कड़ी में बगीचा विकासखण्ड के ग्राम बिमड़ा निवासी शंभू साय को ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी श्री प्रशांत कुमार पैंकरा के द्वारा धान के बदले ग्रीष्मकालीन मूंगफली फसल की खेती करने के लिए प्रोत्साहित किया और राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन योजना के तहत 40 किलोग्राम मूंगफली बीज कृषि विभाग से निःशुल्क प्रदान किया गया। जिससे कृषक श्री साय ने 0.400 हे. रकबे में मूंगफली फसल की खेती किए हैं। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि विभाग से उन्हें बीज के साथ–साथ सूक्ष्म पोषक तत्व खाद एवं दवाई भी दिया गया। जिससे उनको कृषि कार्य करने में कम लागत लगा तथा समय–समय पर कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा खेत का निरीक्षण कर आवश्यक सलाह एवं मार्गदर्शन दिया, जिससे उनकी फसल काफी अच्छी स्थिति में है। फसल का उपज अच्छा होने एवं अभी वर्तमान में बाजार भाव अच्छा मिलने पर अच्छी आमदनी होने की संभावना है। कृषक ने बताया कि उनके पास कुल 2.919 हेक्टर जमीन हैं पहले खरीफसीजन में धान की खेती करते हैं तथा रबी सीजन में भी धान की खेती करते थे जिससे खेती का खर्चा बहुत ज्यादा एवं उत्पादन अपनी इच्छा के अनुरूप नहीं मिल पाता था।

# संपादकीय

## टोल-फ्री बरकरार

सुप्रीम कोर्ट ने अपने उस फैसले की समीक्षा से इनकार कर दिया, जिसमें दिल्ली-नोएडा-डायरेक्ट यानी डीएनडी फ्लाईओवर को दैनिक यात्रियों के लिए शुल्क मुक्त रखने का आदेश दिया गया था। पीठ ने दिसंबर 2024 को इलाहाबाद उच्च न्यायालय के डीएनडी फ्लाईओवर को टोल-फ्री करने के फैसले को भी बरकरार रखा। साथ ही नोएडा प्राधीकरण समेत उप्र व दिल्ली सरकारों की आलोचना करते हुए सत्ता के दुरुपयोग व जनता के विश्वास के उल्लंघन द्वारा इसकी अंतरआत्मा को ठेस पहुंचाने की बात भी की। नोएडा टोल ब्रिज कंपनी लिमिटेड की अपील को खारिज करते हुए उच्च न्यायालय ने कहा था, कंपनी ने परियोजना की लागत और पर्याप्त लाभ वसूल लिया है। जिससे उपयोगकर्ता शुल्क या टोल लगातार लगाने या वसूलने का कोई औचित्य नहीं रह गया है। यह देश का पहला आठ लेन चौड़ा व तकरीबन नौ किलोमीटर लंबा एक्सेस-कंट्रोल एक्सप्रेस-वे है, जो दिल्ली के महारानी बाग व निजामुद्दीन इलाकों को नोएडा से सीधा जोड़ता है, जिससे यात्रा में लगने वाले समय में काफी कटौती होती है। 2001 में जब इसका उद्घाटन हुआ था तो पहले वाहनचालकों को यह टोल काफी ज्यादा लगता था। मगर समय व ईंधन की बचत के चलते यह नियमित यात्रियों के लिए बेहद सुविधाजनक बनता चला गया। प्राधिकरण व कंपनी की मिलीभगत के कारण लंबे अरसे तक टोल वसूली जारी रही। मामला जब अदालत में गया तो दोनों की तरफ से अलग-अलग दलीलें दी गई। मगर उस वक्त ही सबसे बड़ी अदालत ने प्राधिकरण द्वारा कंपनी से रियायत समझौतों के माध्यम से किए गए अनुबंध को अनुचित, अन्यायपूर्ण व संवैधानिक मानदंडों के अनुरूप नहीं बताया था। अधिकारों का अतिक्रमण करते हुए प्राधिकरण ने शुल्क के निर्धारण, संग्रह व विनियोजन का नियंत्रण दिया था, उसे अदालत ने कानूनन अवैध ठहराया था। प्राधिकरण की मिलीभगत के चलते इस तरह का नुकसान केवल आम नागरिक ही नहीं भुगतता बल्कि राजस्व में भी नुकसान होता है। यूं भी एनसीआर से रोजाना यात्रा करने वालों से की जाने वाली वसूली निंदनीय ही कही जाएगी। माल-बंटवारे या अन्य किसी लोभ के अदालत का कीमती वक्त जाया करने वालों से मुआवजे की वसूली भी की जानी जरूरी है। जो न सिर्फ अपनी गलती स्वीकारने को राजी हैं, बल्कि बिला-वजह पुनर्विचार की अपेक्षा भी कर रहे हैं।

# भारत ने हमला नहीं, जवाबी कार्रवाई की है

उमेश चतुर्वेदी

भारत ने काफी सावधानी से इन स्थलों को चुना और मिसाइल एवं ड्रोन के जरिए निशाना बनाया। भारत की कोशिश यह रही कि उसकी कार्रवाई की जद में सामान्य नागरिक ना आएं। लेकिन पाकिस्तान ने इसे खुद पर हमला माना। चाहे दुश्मन की हों, या अपनी, सेनाएं हमेशा चौकस रहती हैं। ऐसे में छह और सात मई की दरमियानी रात भारतीय सेनाएं जिस तरह पाकिस्तान और उसके कब्जे वाले कश्मीर की नौ जगहों पर सफल निशाना साधने में कामयाब रहीं, उससे पाकिस्तान की सेना, उसकी चौकसी और चीन से खरीदे उसके चौकसी वाले तंत्र पर सवाल उठता है। भारत ने यह कार्रवाई पहलगाम में 22 अप्रैल को बहे बेगुनाह खूनों के जवाब में किया। भारत के खबरिया टीवी चैनल अक्सर ही जल्दबाजी में रहते हैं। उनके यहां सोच-विचार की प्रक्रिया की गुंजाइश कम है। शायद यही वजह है कि भारतीय कार्रवाई को उन्होंने पाकिस्तान पर हमला बताने में देर नहीं लगाई। लेकिन यह ध्यान रखने की बात है कि हमला एक तरह से युद्ध की शुरुआत होता। इस लिहाज से देखें तो भारत ने जवाबी कार्रवाई की है, हमला नहीं। क्योंकि भारत ने अपनी तरफसे शुरूआत नहीं की है। इसमें दो राय नहीं कि पहलगाम में बहाए गए बेगुनाह खूनों के चलते देश में गुस्से की लहर थी। पहलगाम में आतंकियों ने जिन 26 बेगुनाह लोगों का खून बहाया, उनमें एक नेपाली नागरिक भी था। हैरत की बात यह है कि इन बेगुनाहों खून बहाते वक्त आतंकियों ने बाकायदा उनसे नाम पूछा, उन्हें कुरान की आयत और कलमा पढ़ने को बोला। यहां तक कि उनके वस्त्र उतारकर उनके अंदरूनी अंगों को देखा और हिंदू होने की तसल्ली होते ही बिना वजह गोलियों सो उड़ा दिया। उसमें दो ऐसी महिलाएं विधवा हुईं, जिनके माथे पर कुछ ही दिनों पहले सिंदूर का तेज शामिल हुआ था। आतंकियों ने धर्म के नाम पर इन महिलाओं का सुहाग उजाड़कर सिर्फ इन महिलाओं और उनके परिवारों को सूना ही नहीं किया, बल्कि भारतीय सहनशक्ति को चुनौती दे दी। भारत में गुस्से की लहर उड़ना स्वाभाविक था। बिहार के मधुबनी में एक सभा में प्रधानमंत्री मोदी का कहना कि सुहाग उजाड़ने वाले आतंकियों का पीछा करके उन्हें खोजकर मिट्टी में मिला दिया जाएगा, उस गुस्से की ही अभिव्यक्ति थी। उसी अभिव्यक्ति को



भारतीय सेनाओं ने बीती छह और सात मई की आधी रात को एक बजकर पांच मिनट से डेढ़ बजे के बीच जमीनी हकीकत बना दिया। इस हमले में पाकिस्तान के बहावलपुर स्थित मौलाना मसूद अजहर का केंद्र भी रहा, जिसने थोक के भाव से आतंकियों को पैदा किया और भारत निर्यात किया है। जिसमें 26 नवंबर 2008 को मुंबई को खून से लाल कर देने वाले अजमल कसाब और उसका षडयंत्र रचने वाले रिचर्ड हेडली भी शामिल थे। भारत ने काफी सावधानी से इन स्थलों को चुना और मिसाइल एवं ड्रोन के जरिए निशाना बनाया। भारत की कोशिश यह रही कि उसकी कार्रवाई की जद में सामान्य नागरिक ना आएं। लेकिन पाकिस्तान ने इसे खुद पर हमला माना। दिलचस्प यह है कि उसने आतंकी ठिकानों को नागरिक ठिकाने बताना शुरू किया। इसके साथ ही उसने अंतरराष्ट्रीय समुदाय के सामने यह भी बताना तेज कर दिया कि भारत ने मासूमों को निशाना बनाया है। फिर उसने आतंकवादी कार्रवाई पर साझा जांच का प्रस्ताव रखा। लेकिन अंतरराष्ट्रीय समुदाय ने इसे स्वीकार नहीं किया है। पाकिस्तान एक तरफ जहां खुद को प्रताड़ित बता रहा है, वहीं वह सात-आठ मई की रात से लगातार भारतीय क्षेत्रों में हमला कर रहा है। दुखद बात यह है कि वह खुद भारतीय क्षेत्र में नागरिक ठिकानों और घरों को निशाना बना रहा है। कश्मीर सीमा पर पुंछ में उसने एक गुरूद्वारे पर हमला किया, जिसमें रागी समेत चार लोगों की मौत हो गई। पाकिस्तान लगातार भारत के सैनिक ठिकानो पर हमला कर रहा है। इन पंक्तियों के लिखे जाने तक वह तकरीबन पूरी पश्चिमी सीमा पर मिसाइल, मोर्टार, ड्रोन और हवाई हमले कर चुका है। उसने चंडीगढ़, जैसलमेर, बाड़मेर, उरी, अखनूर, पहलगाम, जम्मू, लेह, सर क्रीक, भुज समेत तमाम सैनिक ठिकानों पर निशाना साधने की कोशिश कर चुका है। यह बात और है कि भारत की जवाबी कार्रवाई में उसके तकरीबन सभी प्रयास नाकाम कर दिए गए। दिलचस्प यह है कि पाकिस्तान के इन हमलों को निष्फल करने वाली आकाश मिसाइल को भारत की अपनी स्वदेशी कंपनी भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड ने बनाया है। भारत ने उनके तीन सैनिक ठिकाने जहां तबाह किए हैं, वहीं उसको लगातार जवाब दिया जा रहा है। भारत को अपने षडयंत्र का निशाना बनाने वाले भारतीय मूल के आसिफ मुनीर लगातार हालात को बिगाड़ने की कोशिश में लगे हैं। सुनने में भले ही अजूबा लगे, भारत के खिलाफ आतंकी युद्ध के पीछे भारत से पाकिस्तान गए लोगों का ही हाथ रहा...ठीक 26 साल पहले पाकिस्तान ने सियाचिन इलाके में घुसपैठ के जरिए हम पर करगिल का युद्ध थोप दिया था.. उस युद्ध के पीछे जनरल परवेज मुशर्रफ का हाथ था..पाकिस्तान जाने से पहले परवेज का परिवार दिल्ली के चांदनी चौक में रहता था..पहलगाम की नृशंस आतंकी कार्रवाई का षडयंत्र किस्तान के जनरल आसिफमुनीर ने रचा। यहां जानना जरूरी है कि आसिफ का परिवार भी भारत से पाकिस्तान गया था..बंटवारे से पहले आसिफ का परिवार जालंधर में रहता था.. भारत की जवाबी कार्रवाई से पाकिस्तान लगातार मुंह की खा रहा है। इसके बावजूद वह दुष्प्रचार के जरिए अपनी डींगे हांक रहा है। पाकिस्तान अपने लोगों को लगातार बता रहा है कि उसकी सेनाओं ने भारत की सेना या वायुसेना को इतना नुकसान पहुंचाया। जबकि उसके ये दावे कोरे झूठ हैं। इस लिहाज से देखें तो भारत दो मोर्चों पर जूझ रहा है..पहला मोर्चा जहां सैनिक है, वहीं दूसरा मोर्चा सूचनाओं का है..अरब क्रांति के दौरान देवता के रूप में उभरा सोशल मीडिया अब देवता और दैत्य-दोनों ही भूमिकाओं में है..पाकिस्तान इन दिनों सोशल मीडिया की दैत्य वाली भूमिका का खूब उपयोग करते हुए भारत के बारे में लगातार गलत सूचनाएं दे रहा है..अपनी सेनाओं की झूठी कामयाबियों को इसी के जरिए वह फैला रहा है। भारत पर आरोप लगा रहा है कि भारतीय सेनाएं रिहायशी इलाकों और धार्मिक स्थानों पर हमला कर रही हैं.लेकिन यह गलत है और भारत का सार्वजनिक सूचना तंत्र और सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय लगातार इन भ्रामक सूचनाओं को तथ्यों के साथ खारिज कर रहे हैं और पाकिस्तान के झूठ को बेपर्दा कर रहे हैं। वैसे यह दुनिया का जाना-पहचाना तथ्य है कि सीधी लड़ाई में नाकाम रहने वाले ही फर्जी खबरों का सहारा लेते हैं। सीधा युद्ध जो नहीं कर सकता, वही शेखी भी बघारता है। पाकिस्तान के दुष्प्रचार को इसी नजरिए से देखा जाना चाहिए। सच्चाई तो यह है कि भारत ने ज्यादातर पाकिस्तानी आतंकी उत्पाद केंद्रों और रक्षा केंद्रों को निशाना बनाया है। एक तरह से देखें तो भारत इस बार आतंक की फैक्ट्रियों के खात्मे को लेकर दृढ़ संकल्प नजर आ रहा है। दूसरी तरफ पाकिस्तान ड्रोन और मिसाइलों से हमला कर रहा है और फिर उससे इनकार भी कर रहा है। इससे उसका डर भी जाहिर हो रहा है। भारत में यह मानने वालों की संख्या कम नहीं है कि पाकिस्तान का यह डर और बढ़ाया जाना चाहिए। पता नहीं यही वजह है या नहीं, लेकिन भारत की जवाबी कार्रवाई एक तरह से उसके डर को ही बढ़ाने की कोशिश कर रही है। जिन देशों की आर्थिक स्थिति खराब होती है, वे युद्ध जैसी विभीषिका से बचने की कोशिश करते हैं। लेकिन पाकिस्तान की स्थिति दूसरी है। दरअसल वहां सरकार दुनिया को दिखाने का एक चेहरा भर है। शाहबाज शरीफ भले ही पाकिस्तान के प्रधानमंत्री हों, लेकिन असल ताकत वहां सेना प्रमुख आसिफ मुनीर के हाथ है।

# आलेख

## ट्रंप का जवाब नहीं

हरिशंकर व्यास

कुछ भी हो अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का जवाब नहीं है। उन्होंने भारत और पाकिस्तान के झगड़े पर सीधी दो टूक बात कही कि उसने उसको ठोका, बदले में उसने भी ठोक दिया। एक-दूसरे को जवाब दे दिया है, इसलिए उम्मीद है अब रुक सकते हैं। हालांकि मैं दोनों देशों को जानता हूं। हमारे दोनों से बहुत अच्छे संबंध हैं, और मैं चाहता हूं कि यह सब बंद हो। यदि मैं कुछ मदद कर सकता हूं, तो ज़रूर करूंगा। पर तभी जब ज़रूरत हुई।

इससे पहले भारत के ऑपरेशन की खबर पर ट्रंप का कहना था, दुर्भाग्यपूर्ण है, हमने अभी-अभी इसके बारे में सुना है,ज्मुझे लगता है कि लोगों को अंदाज़ा था कि कुछ होने वाला हैज.वे लंबे समय से लड़ते आ रहे हैं।

जाहिर है दुनिया ने दोनों देशों का झगड़ा बहुत हल्के से लिया है। एक वक्त था जब भारत और पाकिस्तान की लड़ाई के खटके से महाशक्तियां खटक जाती थीं। अब कोई परवाह ही नहीं कर रहा है। अकेले इजराइल के नेतन्याहू ने आतंक के हवाले भारत की कार्रवाई का दो टूक समर्थन किया। बाकी सबने संयम की नसीहत दी है। पाकिस्तान के साथ चीन, तुर्की जैसे खड़े हुए है वैसा क्या कोई भारत के साथ खड़ा दिखा है?

ऐसा क्यों? क्या डोनाल्ड ट्रंप को पाकिस्तान को धमका नहीं देना चाहिए था? ऐसे ही रूस को भारत के लिए क्या दौड़े आना नहीं था? उसे चीन पर दबाव बनाना था लेकिन वह खुद क्योंकि चीन पर अब निर्भर है तो रूस कर क्या सकता है। मध्यस्थता के लिए सब तैयार बैठे हैं मगर आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई या प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कसम में हौसला बढ़ाने वाली कोई महाशक्ति नहीं है, नेतन्याहू को छोड़ कर। जबकि सोचें, याद करें, आतंक के खिलाफ नेतन्याहू का कितने देशों ने हौसला बढ़ाया था।

यह सब इसलिए है क्योंकि दुनिया और सभी नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी सरकार की तासीर को अच्छे से जान चुके हैं। वैश्विक मीडिया, वैश्विक अंग्रेजी चैनलों की जरा अपनी चैनलों से तुलना करें तो कोई भी भारत और दक्षिण एशिया को तरजीह नहीं देता हैं। एक मनोवैज्ञानिक कारण यह भी है कि झूठों के झगड़े में भला क्या जानना और देखना।

तभी ट्रंप और दुनिया के लिए इस झगड़े का इतना ही अर्थ है कि उसने उसको ठोका, बदले में उसने भी ठोक दिया। और शुक्रवार की सुबह अमेरिका के उप राष्ट्रपति वेंस ने भी ठोक दिया कि इन दो देशों के टकराव, लड़ाई से हमारा लेना-देना नहीं है। यह मूल रूप से हमारा विषय नहीं है, उन्होंने कहा 'हम उस युद्ध के बीच में नहीं कूदने वाले जो मूल रूप से हमारे अधिकार क्षेत्र में नहीं आता और जिस पर अमेरिका का कोई नियंत्रण नहीं है।

आप जानते हैं, अमेरिका भारत को हथियार छोड़ने के लिए मजबूर नहीं कर सकता। न ही हम पाकिस्तान को ऐसा करने के लिए कह सकते हैं। ज्हमारी आशा और अपेक्षा है कि यह संघर्ष किसी बड़े क्षेत्रीय युद्ध या—ईश्वर न करे—किसी परमाणु संघर्ष में तब्दील नहीं होगा। फिलहाल हमें नहीं लगता कि ऐसा होने जा रहा है'।

यों यह बात ट्रंप प्रशासन की अमेरिका फर्स्ट विदेश नीति की भी झलक है। मगर यदि अमेरिका ने पंचायत नहीं की तो दक्षिण एशिया का चौधरी तब फिर चीन ही होगा। वैसे मेरा मानना है वेंस का यह दो टूक रूख धंधे के मकसद से भी हो सकता है। वह भारत से फटाफट व्यापार संधि कर अपनी कृषि पैदावार के लिए भारत का बाजार चाहता है। भारत वह करें तो फिर वह शायद भारत के लिए आगे बढ़े!

# पाक से इंडिया को सावधान रहने की आवश्यकता

अजीत द्विवेदी

जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले का भारत ने बदला ले लिया। पाकिस्तान की सरजमीं पर स्थित आतंकवादी संगठनों पर भारत ने एयर स्ट्राइक किया और आतंकवाद के ढांचे को बड़ा नुकसान पहुंचाया है। इससे पहले भारत ने पहलगाम हमले के बाद पूरा संयम दिखाया और पाकिस्तान को मौका दिया कि वह आतंकवादियों के खिलाफ कार्रवाई करे। अमेरिका ने भी पाकिस्तान को सुझाव दिया था कि वह भारत के साथ मिल कर आतंकवादी संगठनों के खिलाफ कार्रवाई करे और पहलगाम के दोषियों को सजा दिलाने में मदद करे। लेकिन जब पाकिस्तान ने कुछ नहीं किया और उलटे उसके मंत्रियों ने स्वीकार किया कि पाकिस्तान तीन दशक से आतंकवाद को पाल पोस रहा है तो भारत ने एयर स्ट्राइक करके आतंकवाद के ढांचे को नष्ट किया। लेकिन भारत की इस सैन्य कार्रवाई को पाकिस्तान 'एक्ट ऑफ वॉर' यानी युद्ध की कार्रवाई बता रहा है और उसके नेता बदला लेने का हुंकारा मार रहे हैं। भारत की कार्रवाई के बाद पाकिस्तान सीमा पर खास कर कुपवाड़ा और राजौरी-पुंछ सेक्टर में लगातार गोलीबारी कर रहा है। युद्धविराम का उल्लंघन करके हो रही फायरिंग में कम से कम 15 बेकसूर नागरिकों के मारे जाने की खबर है, जिनमें चार मासूम बच्चे भी हैं। भारत सरकार सीमावर्ती जिलों को खाली करा रही है और नागरिकों को बंकर में सुरक्षित किया जा रहा है। लेकिन यह तात्कालिक समस्या है। भारत अपने उपाय करके नागरिकों को सुरक्षित कर लेगा और भारतीय सेना पाकिस्तान का मुंहतोड़ जवाब भी देगी। लेकिन असली समस्या पाकिस्तान की नीयत और उसे मिलने वाले अंतरराष्ट्रीय समर्थन को लेकर है। पाकिस्तान के फौजी कमांडर बहुत आक्रामक हैं। कुछ दिन पहले ही सेना प्रमुख जनरल आसिम मुनीर ने हिंदू और मुस्लिम को लिए दो राष्ट्र के सिद्धांत की बात कही थी। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ भी आक्रामक तेवर दिखा रहे हैं क्योंकि उनकी सरकार पर खतरा मंडरा रहा है। भारत की कार्रवाई के बाद उन्होंने बैठक बुलाई तो कई वरिष्ठ मंत्री उसमें नहीं पहुंचे। दूसरी ओर पाकिस्तान के लोग सड़कों पर उतरे हैं और भारत विरोधी नारे लगा रहे हैं। अपनी राजनीतिक सत्ता सुरक्षित रखने और पाकिस्तानी आवाम का गुस्सा ठंडा करने के लिए पाकिस्तान कोई बड़ा कदम उठा सकता है। इसमें संदेह नहीं है कि भारत के खिलाफ उठाया गया उसका कोई भी कदम उसके लिए आत्मघाती हो सकता है। फिर भी पाकिस्तान के हुक्मरान, फौजी कमांडर और आईएसआई को इसकी चिंता नहीं रहती है। भारत के सावधान रहने की जरुरत इसलिए भी है क्योंकि चीन और तुर्की ने खुल कर पाकिस्तान का समर्थन किया है। इसके बरक्स भारत को सिर्फ इजराइल का खुला समर्थन मिला है। उसके अलावा किसी देश ने भारत के कदम की आलोचना नहीं की है तो उसे जायज भी नहीं ठहराया है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने तो अपनी पहली प्रतिक्रिया में भारत की सैन्य कार्रवाई को 'शर्मनाक' कहा। सोचें, इसमें क्या शर्मनाक है? भारत में घुस कर पाकिस्तान के आतंकवादियों ने 26 बेकसूर लोगों की हत्या की थी और जवाबी कार्रवाई में भारत ने आतंकवादियों के ठिकाने नष्ट किए। इसमें कुछ भी शर्मनाक नहीं है। लेकिन ट्रंप को यह 'शर्मनाक' लगता है, जिनका देश अमेरिका अपनी सरजमीं छोड़ कर सारी दुनिया में जंग लड़ रहा है! इतना ही नहीं ट्रंप ने एक ही सांस में भारत और पाकिस्तान दोनों को अपना दोस्त और साझेदार मुल्क बताया। भारत और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जिन्हें अपना दोस्त मानते हैं वे भी मदद करने की बजाय उपदेश देने की मुद्रा में हैं और सलाह दे रहे हैं कि जितनी जल्दी हो उतनी जल्दी तनाव खत्म करें। दूसरी ओर चीन और तुर्की ने खुल कर भारत की आलोचना की और पाकिस्तान का समर्थन किया। चीन के साथ भारत का पुराना विवाद चल रहा है। 2020 में गलवान घाटी में चीनी सैनिकों के साथ हुई हिंसक झड़प और भारत की जमीन कब्जा करने का मामला अभी पूरी तरह से सुलझा नहीं है। पैंगोंग झील और देपसांग के कुछ इलाकों में भारत और चीन के बीच सैनिक गश्त को लेकर कुछ सहमति बनी है लेकिन ज्यादातर मामले अनसुलझे हैं। लद्दाख के अलावा डोकलाम में चीन ने भारत की जमीन कब्जा की हुई है। साथ ही वह पूर्वोत्तर के बड़े इलाके पर नजर गड़ाए हुए है। भारत की सीमा पर चीन और पाकिस्तान का साझा हित है क्योंकि दोनों भारत की जमीन कब्जा करके बैठे हैं और कुछ अन्य हिस्सों पर कब्जा करने की नीयत रखते हैं। चीन ने पाकिस्तान को अपना ऑल वेदर फ्रेंड यानी सदाबहार दोस्त कहा है। बेल्ड एंड रोड इनिशिएटिव की वजह से चीन बहुत नजदीक से पाकिस्तान के साथ जुड़ा हुआ है। उसका बड़ा आर्थिक हित है, जिसकी वजह से वह पाकिस्तान की मदद करेगा। चीन को इस बात की चिंता भी सता रही है कि कोरोना के बाद से कंपनियां उसके यहां से बोरिया बिस्तर समेट रही थीं और अब अमेरिका की ओर से लगाए गए जैसे को तैसा टैरिफ की वजह से ज्यादा कंपनियां देश छोड़ेंगे। इनमें से कुछ कंपनियां भारत आ सकती हैं। लेकिन अगर भारत की सीमाओं पर अशांति बनी रहती है, युद्ध की आशंका मंडराती रहती है तो कंपनियां भारत का रुख करने का बारे में सौ बार सोचेंगी। इसलिए संभव है कि चीन पाकिस्तान को मदद देकर उकसाता रहे और भारत विरोधी गतिविधियों के लिए प्रेरित करे। इसलिए भारत को चीन और पाकिस्तान, दो परमाणु शक्ति संपन्न पड़ोसियों के इस गठजोड़ से सावधान रहने की जरुरत है। उधर तुर्की ने भी पाकिस्तान को समर्थन दिया है और अपना जलपोत उसकी मदद के लिए भेजा है। ध्यान रहे तुर्की से भारत की कोई दुश्मनी नहीं है, बल्कि फरवरी 2023 में तुर्की में भीषण भूकंप आने पर भारत ने 'ऑपरेशन दोस्त' के नाम से राहत और बचाव अभियान चलाया था। भारत ने बड़ी मदद भेजी थी। लेकिन चूंकि तुर्की को इस्लामिक देशों का सिरमौर बनना है इसलिए वह भारत के खिलाफ पाकिस्तान की मदद कर रहा है। गौरतलब है कि पश्चिम एशिया के इस्लामिक देशों में तुर्की एक ऐसा देश है, जिसके पास तेल नहीं है।

# जेनेरिक दवाएं लिखने के कानूनी आदेश का उजाला

ललित गर्ग

जेनेरिक दवाएं, जो ब्रांडेड दवाओं का सस्ता विकल्प होती हैं, वही सक्रिय तत्व (एक्टिव इंग्रेडिएंट) रखती हैं और उतनी ही प्रभावी होती हैं। फिर भी, इनका उपयोग भारत में अपेक्षाकृत कम है, क्योंकि डॉक्टरों पर कोई बाध्यकारी कानून नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने डॉक्टरों को मरीजों के लिए जेनेरिक दवाइयां लिखने एवं किसी विशेष कंपनी की दवाइयां न लिखने की नसीहत देकर न केवल गरीब मरीजों को राहत पहुंचाई है बल्कि चिकित्सा क्षेत्र में व्याप्त मनमानी, मूल्यहीनता, रिश्वत एवं अनैतिकता पर अंकुश लगाने की दिशा में सराहनीय एवं प्रासंगिक पहल की है। सुप्रीम कोर्ट से पहले राजस्थान उच्च न्यायालय ने भी ऐसा ही फैसला सुनाया था। सुप्रीम कोर्ट के तीन जजों की पीठ संदीप मेहता, विक्रम नाथ और संजय करोल ने दवा कंपनियों से जुड़ी याचिका की सुनवाई के दौरान यह टिप्पणी की है। इस याचिका में दवा कंपनियों पर मनमानी एवं रिश्वतखोरी का आरोप लगाया गया था। ऐसे में सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि अगर पूरे देश में इस फैसले का पालन हो, तो इससे अहम सुधार हो सकता है। मामले की सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कहा- डॉक्टरों पर अक्सर दवा कंपनियों से रिश्वत लेने का आरोप लगता है। ऐसे में अगर डॉक्टर जेनेरिक दवाएं लिखेंगे, तो उनपर लगने वाले इल्जाम का मुद्दा भी हल हो जाएगा। ऐसा करने से एक बड़ी आबादी को सस्ती एवं अचूक दवाओं का लाभ मिल सकेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जेनेरिक दवाइयों को जनव्यापी बनाने की दिशा में सार्थक पहल की है। पूरी दुनिया में जेनेरिक दवाइयों को ज्यादा स्वीकार्य बनाने के लिए व्यापक स्तर पर काम हो रहा है, लेकिन दवा माफिया इसमें बाधाएं खड़ी कर रहा है। सर्वोच्च न्यायालय की सक्रियता से दवा कंपनियों व चिकित्सकों के अपवित्र गठबंधन को तोड़ा जा सकता है, जो बड़ी आबादी की एक बड़ी समस्या का सटीक समाधान होगा। निश्चित ही डॉक्टर अगर सिर्फ जेनेरिक दवाएं लिखें तो दवा कंपनियों की रिश्वतखोरी बंद हो सकती है। शीर्ष अदालत उस याचिका पर सुनवाई कर रही थी जिसमें फार्मास्युटिकल मार्केटिंग की समान संहिता पर कानून बनने तक दवा कंपनियों की अनैतिक विपणन प्रथाओं को नियंत्रित करने के दिशा-निर्देश की मांग की गई थी। भारत में किफायती जेनेरिक दवाओं का उत्पादन एवं प्रचलन एक जीवन रेखा है, लेकिन इसके गुणवत्ता के आश्वासन को मजबूत करने के साथ डाक्टरों की मनमानी पर नियंत्रण करना होगा, जिसमें सर्वोच्च न्यायालय की पहल एक रोशनी बनेगा।



आज जबकि देश में लाइफ़स्टाइल से जुड़ी बीमारियां तेज़ी से बढ़ रही हैं, जैसे-जैसे चिकित्सा-विज्ञान का विकास हो रहा है, नयी-नयी बीमारियां एवं उनका महंगा इलाज एवं महंगी दवाइयां बड़ी चुनौती बनता जा रहा है। इसलिये जेनेरिक दवाओं पर भरोसा और दुनिया में इसकी मांग, दोनों में इज़ाफ़ा हुआ है। मोदी सरकार ने जेनेरिक दवाओं को ज्यादा स्वीकार्य बनाने एवं सर्वसुलभ कराकर एक अभिनव स्वास्थ्य क्रांति का सूत्रपात किया है। जेनेरिक दवाएं, जो ब्रांडेड दवाओं का सस्ता विकल्प होती हैं, वही सक्रिय तत्व (एक्टिव इंग्रेडिएंट) रखती हैं और उतनी ही प्रभावी होती हैं। फिर भी, इनका उपयोग भारत में अपेक्षाकृत कम है, क्योंकि डॉक्टरों पर कोई बाध्यकारी कानून नहीं है। हालांकि, भारतीय मेडिकल काउंसिल ने डॉक्टरों को जेनेरिक दवाएं लिखने के लिए दिशा-निर्देश जारी किए हैं, लेकिन ये बाध्यकारी नहीं, एक स्वैच्छिक संहिता है, जिसका पालन डाक्टर अपनी मर्जी से करते हैं। कोर्ट ने दवा कंपनियों की अनैतिक मार्केटिंग पर तत्काल रोक लगाने के लिए दिशा-निर्देश जारी करने की आवश्यकता पर बल दिया। कोर्ट की यह टिप्पणी स्वास्थ्य क्षेत्र की दिशा में एक अहम कदम हो सकता है। यहीं नहीं, आम जनता को सस्ती और सुलभ दवाओं का भी मार्ग प्रशस्त हो सकता है। भारत में दवा उद्योग एक विशाल और जटिल क्षेत्र है, जहां दवा कंपनियां अक्सर अपने मुनाफे को बढ़ाने के लिए अनैतिक तरीकों का सहारा लेती हैं। ये कंपनियां डॉक्टरों को मुफ्त उपहार, विदेश यात्राएं, महंगे रात्रिभोज और अन्य प्रलोभन देकर अपनी ब्रांडेड दवाओं को प्रचारित करने के लिए प्रेरित करती हैं। नतीजतन, डॉक्टर कई बार मरीजों को ऐसी दवाएं लिखते हैं, जो न केवल महंगी होती हैं, बल्कि कई बार अनावश्यक भी होती हैं। इसका सीधा असर मरीजों की जेब और स्वास्थ्य पर पड़ता है। सस्ती जेनेरिक दवाओं के प्रचलन को बाधिक करने की रणनीति एक वैश्विक समस्या है। भारत में जेनेरिक दवाओं की शुरूआत मोदी सरकार ने की। वैसे 2004 और 2013 के बीच अमेरिकी स्वास्थ्य प्रणाली को इससे लगभग 1.5 ट्रिलियन डॉलर की बचत हुई है। जेनेरिक कैंसर जैसी अनेक असाध्य बीमारियों की दवाओं की समय पर उपलब्धता ने ऐसे कई रोगियों की सामर्थ्य को बढ़ा दिया है। जबकि इसके विपरीत अनेक परिजनों के गंभीर व असाध्य रोगों की महंगी दवाओं एवं इलाज की वजह से लाखों लोग गरीबी की दलदल में डूब गए। कोरोना संकट के दौरान भी लोगों द्वारा घर, जमीन व जेवर बेचकर अपनों की जान बचाने की कोशिश की खबरें मीडिया में तैरती रही। लेकिन सामान्य दिनों में दवा कंपनियों की मिलीभगत व दबाव में लिखी जाने वाली महंगी दवाइयां भी गरीबों के लिये बड़ी समस्या बनती रही हैं।

## श्री सम्मेद शिखर तीर्थवंदना का महान अवसर भवभवां तर के महान पुण्य योग से प्राप्त होता है : मुनि श्री समतासागर जी महाराज



**ईसरी ( विश्व परिवार )।** गुरुदेव के साथ तीर्थ वंदना का महान अवसर भवभवांतर के बड़े ही पुण्य योग से प्राप्त होता है और यह अवसर मुझे 1983 को संत शिरोमणि आचार्य गुरुदेव श्री विद्या सागर महामुनिराज के सानिध्य में 42 वर्ष पूर्व प्राप्त हुआ था तथा उन्ही के कर कमलों से दिनांक 25 सितंवर को ईसरी की इस सिद्धभूमी मुनि दीक्षा प्राप्त हुई थी उपरोक्त उदगार निर्यापक श्रमण मुनि श्री समतासागर महाराज ईसरी की ओर विहार करते समय एक नव निर्माणाधीन स्कूल के परिसर में व्यक्त किये।

मुनि श्री ने कहा कि 42 वर्ष पश्चात इस सिद्धभूमी पर लौटने का सुयोग्य अवसर प्राप्त होंने जा रहा है मन में अथाह उत्साह है, तथा प्रफुल्लित है उन्होंने कहा कि वर्तमान आचार्य श्री समय सागर जी महाराज की आज्ञा से बारासिवनी में पंचकल्याणक, गोंदिया में बेदी प्रतिष्ठा एवं श्री जी को विराजमान कर गुरू आज्ञा से डोंगरगढ़ में आचार्य गुरुदेव का समाधि दिवस भव्य अतिभव्य रुप से संपन्न हुआ और हमारी यात्रा तीर्थराज श्री सम्मेदशिखर की ओर हुई यंहा से मुनि श्री श्री पवित्र सागर महाराज का संघ सानिध्य मिला साथ ही ऐलक श्री निश्चय सागर महाराज ऐलक श्री निजानंद सागर महाराज क्षु. श्री संयम सागर महाराज सहित संघस्थ ब्र.अनूप भैया, रिकू भैया, ब्र शैलैष ब्र. राजेश ब्रतीश्रावक अन्ना भैया, आदित्य जैन कवर्धा सहित विभिन्न नगरों से श्रावक श्राविकायें जुड़ते चले गये यात्रा दुर्ग राजनांदगांव तथा छत्तीसगढ़ के विभिन्न नगरों राजधानी रायपुर विलासपुर, तथा झारखंड में रांची हजारीबाग होते हुये आज ईसरी में प्रवेश करने जा रहे है उन्होंने ईसरी से आये सभी ब्रती श्रावक श्राविकाओं तथा समाज बंधुओं एवं मंगल विहार में सहयोगी बनकर धर्म प्रभावना में सहयोगी बन रहे सभी बंधुओं को आशीर्वाद दिया। मुनि श्री के साथ संल्गन दयोदय महासंघ एवं मुनि संघ के राष्ट्रीय प्रवक्ता अविनाश जैन विद्यावाणी एवं स्थानीय मीडिया प्रभारी ईसरी के महामंत्री राजेश जैन सरिया ने बताया मुनिसंघ की आहार चर्या ईसरी रोड़ पर पुल के पास निर्माणाधीन स्कूल टोल में संपन्न हो रही है एवं संध्या काल में मुनिसंघ की मंगल अगवानी ईसरी में होगी सभी त्यागी वृतिओं तथा समाज वंधुओ में अपूर्व उत्साह है, रात्री विश्राम ईसरी त्यागी वृति आश्रम में होगा तथा 17 जून शनिवार को आहार चर्या ईसरी में ही होगी तथा संध्याकाल में मंगल विहार शास्वत सिद्धभूमी श्री सम्मेद शिखर तीर्थराज की ओर होगा एवं 18 जून रविवार को प्रात:काल 7 बजे मुनिसंघ की मंगल अगवानी गुणायतन में विराजमान मुनि श्री पूज्यसागर महाराज एवं मुनि श्री अतुल सागर महाराज ज्येष्ठ आर्यिका गुरुमति माताजी एवं आर्यिकारत्न दृणमति माताजी सहित समस्त आर्यिका एवं क्षेत्र पर विराजमान साधू संतों त्यागी वृतिओं तथा स्थानीय समाज बंधुओं द्वारा की जाऐगी। **-अविनाश जैन**

## पट्टाचार्य विशुद्धसागर महाराज जी के शिष्य सारस्वत सागर जी, जयंत सागर जी, सिद्ध सागर जी और श्रुतसागर महाराज जी के चरणरज से पवित्र होगी नांद्रे की भूमि

**नांद्रे/महाराष्ट्र ( विश्व परिवार )।** श्री 1008 भ. महावीर दिगंबर जैन मंदिर, नांद्रे का यह प्राचीन मंदिर 100 साल पुराना हैं और पत्थर का मानस्तंभ हैं। नांद्रे में जैन समाज के 1300 घर हैं। नांद्रे गांव के अभितक 3 भट्टारक स्वामीजी जी हुये हैं। आदिनाथ भगवान जी की प्रतिमा भट्टारक महाराज जी ने बनवायी हैं।

पट्टाचार्य भगवन श्री विशुद्धसागरजी महाराज जी सहित 32 मुनि महाराजों का नांद्रे में जनवरी 2025 में मंगल प्रवेश हुआ था। वर्धमान सागर महाराज जी के संघ के 2 महाराज जी ऐसे एकसाथ 34 मुनीराजों का सानिध्य नांद्रे नगर को मिला था। इस अवसर पर उनकी अगवानी बैंड-बाजों के साथ बड़ी संख्या में जैन समाज एवं अन्य लोगों ने की थी। बाजे गाजे के साथ श्री 1008 भ. महावीर दिगंबर जैन मंदिर पट्टाचार्य भगवन श्री विशुद्धसागरजी महाराज जी पहुंचे थे।सकल दिगंबर जैन




समाज के लोगों ने जगह जगह पर पादपूजन करके उन्हे श्रीफल भेंटकर आशीष प्राप्त किया था। नांद्रे के हजारो श्रावक-श्राविका एवं युवक-युवती उपस्थित थे। आचार्य भगवन श्री विशुद्धसागर महाराज जी का मंगल प्रवचन संपन्न हुआ था। मुनिराजों की आहारचर्या नांद्रे नगर के विभिन्न जैन बंधुओं के घर में आहारचर्या हुई थी।

अपने प्रवचनों में चर्या शिरोमणी आचार्य श्री विशुद्धसागर महाराज जी ने कहा था कि नांद्रे नगर में एकमात्र श्री 1008 भ.महावीर दिगंबर जैन मंदिर है। यह उल्लेखनीय बात है की नांद्रे में जैन एकता देखने को मिली हैं।

चर्या शिरोमणी विशुद्धसागर महाराज जी की जय। नमोस्तु शासन जयवंत हो अब फिर से इन जयकारों से गुंज उठेगा संपूर्ण नांद्रे नगर। क्योंकी नांद्रे में पट्टाचार्य विशुद्धसागर महाराज जी के शिष्य सारस्वत सागर जी, जयंत सागर जी, सिद्ध सागर जी और श्रुतसागर महाराज जी का नांद्रे में होनेवाला है सन 2025 का चौमासा। मुनीयों की चरणरज से पवित्र होगी नांद्रे की भूमी।

पट्टाचार्य श्री विशुद्धसागर महाराज जी के शिष्यों के आगमन को लेकर नांद्रे के जैन समाज एवं नगर के लोगों में काफी उत्साह है।

श्री 1008 महावीर दिगंबर जैन मंदिर के अध्यक्ष श्री जिनेश्वर पाटील जी, सेक्रेटरी श्री सुधीर चौधरी, श्रीअनिल पाचोरे, श्री निखिल पाटीलआदि मान्यवर एवं वीर सेवा दल नांद्रे, वीर महिला मंडळ, पार्श्व महिला परिषद, जैन युवा मंच के युवा पदाधिकारी, प्रभावणा समिती के कार्यकर्ता आदि नांद्रे के सभी श्रावक-श्राविकाओं का मुनीराजों का इंदौर से नांद्रे तक विहार और 2025 के चातुर्मास को सफल करने के लिए प्रयास शुरु है। विशुद्धसागर महाराज जी के शिष्य सारस्वत सागर जी, जयंत सागर जी, सिद्ध सागर जी और श्रुतसागर महाराज जी का विहार इंदौर से बारामती-विटा- तासागांव से नांद्रे तक 800 किलोमीटर का पद विहार शुरु है। **-अभिषेक अशोक पाटील**

## संक्षिप्त समाचार

### चरामेति फाउंडेशन विकलांग सेवा, अंबेडकर अस्पताल को दी गई आठ व्हीलचेयर



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** चरामेति फाउंडेशन द्वारा अंबेडकर अस्पताल में मरीजों को हो रही परेशानियों को ध्यान में रखते हुए 16 मई 2025 शुक्रवार को 8 व्हीलचेयर प्रदान की गई। अस्पताल के डॉ. संतोष सोनकर, अधीक्षक एवं डॉ अनिल बघेल, सहायक अधीक्षक ने इस अवसर पर कहा कि इन व्हीलचेयरों से अशक्त एवं गंभीर मरीजों को विभिन्न प्रकार की जांचों हेतु ले जाने में बहुत ही सहायता मिलेगी। उन्होंने इस हेतु चरामेति फाउंडेशन की सराहना भी की। फाउंडेशन के राजेंद्र ओझा ने श्रीमती सुभाषिनी जतिंदर भनोट, श्रीमती सुनीला बेन पंड्या, डॉ. शीला गोयल, डॉ. जे. के. गोयल, श्री प्रेम नारायण सोलंकी, श्री ए. के. गांगुली, श्री घनश्याम सराठे, श्री वीरेंद्र आदिल, श्री महेंद्र भाई राठौर, श्री बनवारीलाल जी अग्रवाल, श्री वी. के. महालय जी के प्रति आभार व्यक्त किया जिनके के सहयोग से व्हीलचेयर प्रदान की गई। उक्त कार्यक्रम डॉ. मृणालिका ओझा, रोशन बहादुर, शेखर गोस्वामी, वीरेंद्र, अनीता अग्रवाल, गौरव दुबे, जी. पी. अखिलेश आदि की उपस्थिति एवं सहयोग से संपन्न हुआ। उक्त कार्यक्रम का संचालन प्रेम प्रकाश साहू जी ने किया एवं शुभ्रा जी द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

### नवीन शर्मा बने ट्रांसपोर्ट कैट के प्रदेश अध्यक्ष, पूरे प्रदेश में ट्रांसपोर्ट कैट का विस्तार होगा



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वाइस चेयरमेन अमर पारवानी, प्रदेश अध्यक्ष परमानन्द जैन, महामंत्री सुरिन्द्रर सिंह, कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल ने बताया कि दिनांक 15 मई 2025, गुरूवार को प्रदेश कार्यालय में बैठक हुई। इस महत्वपूर्ण बैठक में आगामी दो वर्षों के लिए प्रदेश कैट ट्रांसपोर्ट का गठन किया गया। कैट की राष्ट्रीय कार्यकारिणी द्वारा राष्ट्रीय वाइस चेयरमेन श्री अमर पारवानी जी को नई प्रदेश कैट ट्रांसपोर्ट गठन हेतु अधिकृत किया गया था। श्री पारवानी के मार्गदर्शन में बैठक प्रारंभ हुई, जिसमें कैट के प्रदेश अध्यक्ष परमानन्द जैन ने नवीन शर्मा के नाम का प्रस्ताव प्रदेश अध्यक्ष कैट ट्रांसपोर्ट पद के लिए प्रस्तुत किया। बैठक में उपस्थित समस्त सदस्यों ने इस प्रस्ताव का सर्वसम्मति से समर्थन करते हुए नवीन शर्मा को कैट ट्रांसपोर्ट का प्रदेश अध्यक्ष निर्वाचित किया। यह निर्वाचन कैट के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री बी.सी. भरतिया एवं राष्ट्रीय महामंत्री एवं सांसद (चांदनी चौक, नई दिल्ली) श्री प्रवीण खंडेलवाल जी की अनुशंसा पर संपन्न हुआ। बैठक के प्रारंभ में श्री परमानन्द जैन ने सभी सदस्यों का अभिनंदन करते हुए स्वागत किया और नवगठित टीम को शुभकामनाएं दीं। प्रदेश कैट ट्रांसपोर्ट कार्यकारिणी इस प्रकार है- प्रदेश अध्यक्ष कैट ट्रांसपोर्ट- श्री नवीन शर्मा, प्रदेश महामंत्री कैट ट्रांसपोर्ट- श्री अमरीक सिंह चहल, प्रदेश कोषाध्यक्ष कैट ट्रांसपोर्ट- श्री राकेश अग्रवाल। बैठक में कैट के पदाधिकारी मुख्य रूप अमर पारवानी, जितेन्द्र दोशी, परमानन्द जैन, सुरिन्द्रर सिंह, अजय अग्रवाल, भरत जैन, अवनीत सिंह, नवीन शर्मा, अमरीक सिंह चहल, राकेश अग्रवाल, बलजिंदर सिंह ज्ञानी, जगतार सिंह, जगदीप सिंह एवं राजेश शर्मा उपस्थित रहे।

### योगाभ्यास प्रशिक्षण शिविर प्रारम्भ

**अशोकनगर ( विश्व परिवार )।** स्वयं स्वस्थ बनो अभियान द्वारा वर्धमान विद्यालय में आयोजित दस दिवसीय योगाभ्यास प्रशिक्षण एवं प्राकृतिक जीवन जागृति शिविर का शुक्रवार को प्रात: इंजी.हरिबाबू राय विधायक अशोकनगर एवं डॉ.गीता जैन मुम्बई द्वारा दीप प्रज्वलित कर शुभारम्भ किया गया। संस्था के संरक्षक सुभाष जैन कैंची एवं चेयरमेन सन्दीप बड़कुल ने बताया कि इस शिविर के दौरान योग विशेषज्ञ एवं प्राकृतिक चिकित्सक डॉ.गीता जैन मुम्बई एवं प्रशिक्षण सहयोगी दीपक जानी द्वारा 25 मई तक लगातार दस दिनों तक योग प्रशिक्षण दिया जाएगा एवं प्राकृतिक जीवन जीने की कला सिखाई जाएगी। प्रथम दिन योग के बारे में प्रारम्म्भिक जानकारी देने के साथ-साथ शरीर के जोड़ों के लिए लाभकारी मेरेडियन एक्सरसाइज कराई गई।

## इंसान की सम्पूर्ण पहचान तो उसकी वाणी, व्यवहार और सत्कर्म से होती है : आचार्य श्री प्रसन्नसागर जी महाराज



**औरंगाबाद ( विश्व परिवार )।** अंतर्मना आचार्य श्री प्रसन्न सागरजी महाराज की उत्तराखण्ड के बद्रिनाथ से अहिंसा संस्कार पदयात्रा चल रही है आज तरुण सागरम तीर्थ अहिंसा संस्कार पद यात्रा उभय मासोपवासी साधना महोदधि प.पू. अंतर्मना आचार्य श्री 108 प्रसन्नसागर जी महाराज उपाध्याय श्री 108 पियूष सागर जी महाराज पतंजलि गुरुकुलम मुल्या जिला पौड़ी उत्तराखंड प्रात: पूजन दीप आराधना हुई संपन्न 9 वें दिवस में बद्रीनाथ से लगभग 230 किलोमीटर की दुरी की तय निरंतर चल रहा है मंगलमय पदविहार तेज दोपहरी भीषण गर्मी में बढ़ते कदम हरिद्वार की ओर गोविन्द सेवा सदन गोविंदपुरम जिला टिहरी गढ़वाल उत्तराखंड गोविन्द सेवा सदन गोविंदपुरम जिला टिहरी गढ़वाल उत्तराखंड अंतर्मना गुरुभक्त परिवार के द्वारा अष्टद्रव के सहित रूप से संपन्न हुई गुरुपूजन आशीर्वाद रेस्टुरेंट तीनधारा जिला टिहरी उत्तराखंड अलकनंदा नदी के किनारे सपन्न संध्या गुरुभाक्ति प्रवचन मंगल आरती 16/05/2025 गवर्नमेंट पॉलिटानिक के पास सोर्ड पानी जिला टिहरी उत्तराखंड में आहारचर्या संपन्न हुई विहार दरम्यान उपस्थित गुरु भक्तों को संबोधित करते हुए आचार्य श्री कहा कि इंसान के परिचय की शुरुआत भले ही उसके नाम और चेहरे से होती होगी.. लेकिन उसकी सम्पूर्ण पहचान तो उसकी वाणी, व्यवहार और सत्कर्म से होती है। तुमने देखा होगा कि बगुला नदी किनारे कैसे एक टांग पर खड़ा रहता है, एकदम ध्यान मग्न, निश्चल। मगर ज्यों ही कोई मछली आती है, झपट्टा मारकर पकड़ लेता है। बगुले का ध्यान भगवान को रिझाने के लिए नहीं होता है, बल्कि मछली को फंसाने के लिए होता है। वह बगुला और कोई नहीं तुम ही तो हो।

**-नरेंद्र अजमेरा, पियुष कासलीवाल**

## अलसी तेल के लाभ

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** अलसी का तेल (Fla&seed Oil) ओमेगा-3 फैटी एसिड, लिग्नन और एंटीऑक्सीडेंट्स से भरपूर होता है, जो कई स्वास्थ्य लाभ प्रदान करता है। यह हृदय स्वास्थ्य को बढ़ावा देने, सूजन को कम करने, कैंसर की रोकथाम में मदद करने और त्वचा एवं बालों के लिए भी फायदेमंद होता है। अलसी के तेल के फायदे-

हृदय स्वास्थ्य- अलसी का तेल कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम करने और हृदय रोग के जोखिम को कम करने में मदद करता है.

सूजन को कम करना- अलसी के तेल में मौजूद ओमेगा-3 फैटी एसिड सूजन को कम करने में मदद करते हैं.

त्वचा के लिए- अलसी का तेल त्वचा को हाइड्रेट करता है, झुर्रियों को कम करता है, और त्वचा को स्वस्थ बनाता है.

बालों के लिए- अलसी का तेल बालों को मजबूत बनाता है, बालों के विकास को बढ़ावा देता है और बालों के झड़ने को कम करता है.

कैंसर की रोकथाम- अलसी के तेल में लिग्नन और एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं जो कैंसर कोशिकाओं की वृद्धि को कम करने में मदद करते हैं.

पाचन स्वास्थ्य- अलसी का तेल पाचन को बेहतर बनाता है और कब्ज को दूर करने में मदद करता है.

अलसी के तेल का उपयोग- खाद्य पदार्थों में




अलसी का तेल खाद्य पदार्थों जैसे कि सलाद, सूप और दही में मिलाया जा सकता है.

त्वचा पर। अलसी का तेल त्वचा पर सीधे लगाया जा सकता है या किसी भी तेल में मिलाकर भी इस्तेमाल किया जा सकता है.

अलसी के तेल के कुछ अन्य फायदे- वजन कम करने में सहायक- अलसी के तेल में फाइबर और ओमेगा-3 फैटी एसिड होते हैं जो वजन कम करने में मदद करते हैं.

मधुमेह प्रबंधन- अलसी का तेल रक्त शर्करा के स्तर को नियंत्रित करने में मदद करता है. रक्तचाप को नियंत्रित करना- अलसी का तेल रक्तचाप को कम करने में मदद करता है.

## महाराष्ट्र मंडल के बाल संस्कार शिविर में योग पर विशेष फोकस

### बच्चे योग प्रशिक्षक की देखरेख में नियमित रूप से कर रहे विभिन्न आसनों का अभ्यास

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** महाराष्ट्र मंडल की आध्यात्मिक समिति के बाल संस्कार शिविर में बच्चे पांच गुरुजनों के मार्गदर्शन में लगातार संस्कारवान हो रहे हैं। साथ ही उन्हें अपनी ड्राइंग प्रतिभा को निखारते हुए योग की क्लास अटैंड करना काफी पसंद है। मंत्रोच्चार को लेकर बालकों में कुछ झिझक जरूर है, लेकिन इससे उनके उत्साह में कोई कमी नहीं है।

एक मई से शुरू हुई ऑनलाइन बाल संस्कार शिविर की क्लास में बच्चों को रामरक्षा स्तोत्र के कल सिखाए गए श्लोकों का आज रिवीज़न कराया गया। फिर अनुपठन कराया। उसके बाद श्लोक सात से 10 (चार श्लोकों) का पाठ कर बाल प्रशक्षुओं को उनका अर्थ समझा गया।

इसी तरह योग कक्षा में के जाप के साथ गुरु वंदना की गई। फिर कदमताल, रस्सी कूदना,




ताड़ासन, तिर्यक ताड़ासन, त्रिकोणासन, कटि चक्रासन, वृक्षासन, चक्की चलन, भुजंगासन, नौकासन, वज्रासन और तीन प्राणायाम करवाए गए। आज की क्लास का समापन ध्यान व शांति मंत्र से किया गया।

आध्यात्मिक व योग समिति की समन्वयक आस्था अभय काले ने बताया कि इसके अलावा शिविर के बच्चों से छोटे आसान के रूप में भ्रामरी, कपाल भारती, अनुलोम विलोम कराया गया। तत्पश्चात शांति पाठ कराया गया। उसके बाद योग क्लास का समापन किया गया। 125 बच्चों के बाल संस्कार शिविर में पांच विभिन्न वर्गों में बालक- बालिकाएं आस्था काले सहित वर्षा चोपकर, सेजल शाह, अलकनंदा नारद, साक्षी टोले के मार्गदर्शन व अभ्यास से योग आसनों में पारंगत हो रहे हैं।

इधर योग क्लास के बाद ड्राइंग में रुचि रखने वाले बच्चे अपनी कलात्मक प्रतिभा को सिद्धहस्त प्रशिक्षकों के सानिध्य में निखार रहे हैं। गुरुजनों से सतत मिल रहे दिशा-निर्देशों से ड्राइंग को लेकर उनका आत्मविश्वास लगातार बढ़ रहा है। प्रत्येक रविवार को ऑनलाइन शिविर में गार्गी वोरा बच्चों को वार्ली आर्ट की तकनीकी जानकारी देते हुए उनसे ड्राइंग बनवाती है। छत्तीसगढ़ में खासा प्रसिद्ध वार्ली आर्ट कम उम्र के बच्चों को ड्राइंग करने के लिए काफी आकर्षित करता है। शिविर में भी बच्चे इसे लेकर बहुत उत्साहित रहते हैं।

## भाजपा शंकर नगर मंडल अध्यक्ष राम प्रजापति के नेतृत्व में होनहार बच्चों का सम्मान



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** भाजपा शंकर नगर मंडल अध्यक्ष राम प्रजापति के नेतृत्व में मंडल क्षेत्र में रविशंकर वार्ड से हरमन फातिमा को स्केटिंग में गोल्ड मेडल प्राप्त होने तथा गुरूगोविंद वार्ड में सिखा निर्मलकर,एवं खुशी निर्मलकर को कॉमर्स में अच्छे प्रतिशत से उत्तीर्ण होने तथा शंकर नगर वार्ड में पूर्वी जोशी जी को बायो में अच्छे अंक प्राप्त होने पर उनके निवास जा कर तिलक लगाकर माला पहना कर,उपहार प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पार्षद कैलाश मंगल राम बेहरा,पिछड़ा मोर्चा प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी नरेंद्र निर्मलकर, पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला सोशल मिडिया पभारी प्रकाश सिंहा किसान मोर्चा मडंल अध्यक्ष अजय गुप्ता महामंत्री सुरज यादव जिला आईटी सेल कार्यालय प्रभारी भारत बया अनुसूचित जाति मोर्चा मिडिया संजु गेंड़रे, मोहित पाठक, अल्प संख्यक मोर्चा जिला प्रभारी गुलाम फिरोज,सहित परिवारजन उपस्थित हुए।

## सिन्टेक्स ने छत्तीसगढ़ में लॉन्च किया भारत का पहला एंटी-माइक्रोबियल सीपीवीसी पाइप

### सिन्टेक्स ने अपने भरोसे, गुणवत्ता और नवाचार की पहचान को अब जल वितरण प्रणाली तक किया है विस्तारित

**सिन्टेक्स का सीपीवीसी पाइप स्वच्छ जल आपूर्ति के लिए एक स्वच्छ और टिकाऊ समाधान प्रदान करता है- जो घरों, खेतों, आवासीय इमारतों और उद्योगों में हर स्तर पर स्वास्थ्य और सुरक्षा सुनिश्चित करता है**

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** भारत में उच्च गुणवत्ता वाले जल भंडारण समाधानों के सबसे विश्वसनीय और अग्रणी निर्माता वेलस्पन के ब्रांड सिन्टेक्स ने आज छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में भारत का पहला एंटी-माइक्रोबियल सीपीवीसी पाइप लॉन्च किया। इसके साथ ही, सिन्टेक्स ने जल भंडारण से जल वितरण की दिशा में एक नया कदम बढ़ाया है। सिंटेक्स ने सीपीवीसी, यूपीवीसी, एसडब्ल्यूआर (सॉयल, वेस्ट और रेन वाटर), रीक्लेम, एग्री, अंडरग्राउंड ड्रेनेज और सरफेस ड्रेनेज पाइप्स एवं फिटिंग्स की संपूर्ण रेंज लॉन्च की है। ये पाइप्स गर्म और ठंडे पानी, ग्रे वाटर और ब्लैक वाटर के सभी प्रबंधन की प्लंबिंग जरूरतों को पूरा करते हैं। इस रणनीतिक प्रवेश के साथ, सिन्टेक्स का लक्ष्य नवाचार, गुणवत्ता और स्वास्थ्य-प्रथम इंजीनियरिंग के माध्यम से भारत की बदलती इंफ्रास्ट्रक्चर आवश्यकताओं को पूरा करना है। ये पाइप्स उच्चतम स्थायित्व और गुणवत्ता मानकों के अनुसार डिज़ाइन किए गए हैं, और साथ ही स्वास्थ्य एवं स्वच्छता पर विशेष ध्यान देते हैं। इनका उद्देश्य है - हर परिवार के लिए सुरक्षित पानी और स्वस्थ घर सुनिश्चित करना।






सिन्टेक्स एडवांटेज ह्लङ्ग्झ द्वारा सशक्त नई पाइप रेंज, एंटी-वायरल, एंटी-फंगल, एंटी-बैक्टीरियल और एंटी-एल्गी होगी - जो इसे घरेलू, कृषि और संस्थागत उपयोग के लिए आदर्श बनाती है। इन पाइप्स की एंटी-माइक्रोबियल संरचना यह सुनिश्चित करती है कि पाइपलाइन सिस्टम के माध्यम से प्रवाहित होते समय पानी साफ और सुरक्षित बना रहे - जो कि भारत जैसे उष्ण और उच्च आर्द्रता वाले क्षेत्रों में अत्यंत महत्वपूर्ण है।

अक्टूबर 2024 में, सिन्टेक्स ने 85 करोड़ रुपये में वीटेक प्लास्टिक्स का 100त्न अधिग्रहण किया था। छत्तीसगढ़ के रायपुर स्थित वीटेक प्लास्टिक्स की सुविधा की वार्षिक उत्पादन क्षमता 19, 000 मीट्रिक टन है। यह रणनीतिक कदम भारत के तेजी से बढ़ते प्लास्टिक पाइप बाजार में सिन्टेक्स की सशक्त मौजूदगी को रफ्तार देने के लिए उठाया गया है।

भारत का पाइप उद्योग वित्त वर्ष 30 तक 1.3 लाख करोड़ रुपये का होने का अनुमान है और यह तेज़ी से बढ़ रहा है। हालांकि, रिसर्च से पता चलता है कि लगभग 60त्न बाजार असंगठित है, जहां निम्न गुणवत्ता वाले, बिना ब्रांड के और रीसायकल्ड पाइपों का दबदबा है। यह असंगठित बाजार सिन्टेक्स के लिए गुणवत्ता, नवाचार और भरोसे के माध्यम से नेतृत्व करने का एक अनूठा अवसर प्रस्तुत करता है।

लगभग 3 करोड़ की आबादी वाले छत्तीसगढ़ में रायपुर, बिलासपुर, रायगढ़ और दुर्ग जैसे तेजी से बढ़ते शहर शामिल हैं। भारत सरकार के स्मार्ट सिटी मिशन के तहत एक प्रमुख शहर रायपुर, अब भारत के पहले एंटी-माइक्रोबियल सीपीवीसी पाइप से लाभान्वित होगा - सुरक्षित, स्वच्छ और कुशल जल वितरण प्रणाली की बढ़ती मांग को पूरा करेगा। यह छत्तीसगढ़ को उन पहले राज्यों में से एक बनाता है, जो सिंटेक्स के पूरी तरह एकीकृत जल समाधान ब्रांड में परिवर्तन से लाभान्वित होंगे, क्योंकि कंपनी जल वितरण खंड में विस्तार कर रही है।

वेलस्पन बीएपीएल लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर और सिंटेक्स के डायरेक्टर यशोवर्धन अग्रवाल ने कहा कि सिंटेक्स हमेशा से लाखों भारतीय घरों में %सुरक्षित और विश्वसनीय जल भंडारण का पर्याय रहा है। रायपुर में सिंटेक्स पाइप्स के लॉन्च के साथ, हम गुणवत्ता और नवाचार के साथ जल वितरण की चुनौती को सुलझाने की दिशा में एक और अहम कदम उठा रहे हैं। भारत के पहले एंटी-माइक्रोबियल सीपीवीसी पाइप्स को लॉन्च करना न केवल एक नई श्रेणी में प्रवेश करने के बारे में है - यह हमारी जल यात्रा का विस्तार और एक समग्र, स्वास्थ्य-प्रेरित जल प्रबंधन समाधान प्रदान करने की दिशा में कदम है।

श्री यशोवर्धन अग्रवाल ने आगे कहा कि जैसे-जैसे सरकार जल जीवन मिशन, अमृत 2.0 और स्मार्ट सिटीज मिशन जैसे राष्ट्रीय कार्यक्रमों को आगे बढ़ा रही है, गुणवत्ता-प्रथम, सुरक्षित और टिकाऊ पाइपिंग समाधानों की आवश्यकता तेजी से बढ़ने की उम्मीद है- खासकर टियर 2 और टियर 3 शहरों में। सिन्टेक्स का उत्पाद रोडमैप इन सभी मिशनों के अनुरूप है, जो दीर्घकालिक मूल्य के साथ-साथ सुरक्षा, दक्षता और कम देखभाल का भी वादा करता है।

प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी प्रियेश कुमार जैन द्वारा आसमां पब्लिसर्स इंडिया प्रा.लि. पंजाब नेशनल बैंक के सामने, जयस्तंभ चौक, रायपुर से मुद्रित एवं ओलंपस जिम के पीछे, सेक्टर-1, शंकर नगर रायपुर ( छ.ग. ) से प्रकाशित। संपादक : प्रदीप कुमार जैन, फोन नं. : 0771- 4017966, मो.- 9981924252 RNI.NO.CHHHIN/2013/50354

# ग्राम पंचायत बड़ाजी में सुसाशन तिहार के अंतर्गत समाधान शिविर का सफल आयोजन



**जगदलपुर (विश्व परिवार)।** आज लोहण्डीगुड़ा विकासखंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत बड़ाजी में सुसाशन तिहार के तहत समाधान शिविर का भव्य एवं सफल आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक श्री विनायक गोयल जी की गरिमामयी उपस्थिति रही। उनके द्वारा ग्रामवासियों की विभिन्न समस्याओं का मौके पर निराकरण किया गया, जिससे ग्रामीणों में उत्साह और संतोष का माहौल देखने को मिला।

शिविर के दौरान हितग्राहियों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत वन अधिकार अधिनियम के तहत वन पट्टों का वितरण तथा प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत आवास स्वीकृति प्रमाण पत्रों का वितरण किया गया।

इस अवसर पर श्री गोयल जी ने कहा कि राज्य सरकार आम जनता के अधिकारों और जरूरतों के प्रति प्रतिबद्ध है। सुसाशन तिहार जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से शासन को जनता के दरवाज़े तक पहुँचाया जा रहा है।

कार्यक्रम में इस अवसर पर चित्रकोट विधायक विनायक गोयल जी, पूर्व विधायक लच्छूराम कश्यप जी, जिला पंचायत सदस्य चन्द्रभान कश्यप जी, जनपद अध्यक्ष श्रीमती पदमा कश्यप जी, उपाध्यक्ष बसंत कश्यप जी, पूर्व जिला पंचायत सदस्य रैतुराम बघेल जी, जनपद सदस्य मनीष कश्यप, कमल सिंह, हड़मो राम, जिला उपाध्यक्ष श्रीमती रुकमणी कश्यप जी, जिला मंत्री बाबुल नाग जी मण्डल अध्यक्ष मंगतुराम कश्यप जी, भोजाराम, बलीराम बघेल, धनीराम सेठिया, तुलसी पानीग्राही, कृष्ण ठाकुर, श्रीमती बुटकी बाई, रंजीता जोशी, सावेन्द्र सेठिया, शिवनंदन पेगड़, रामप्रसाद कुठारे, भागीरथी यादव, एवं अन्य जनप्रतिनिधि जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, ग्रामीणजन तथा अन्य गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रहे।

## राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा जनजागरूकता फैलाया गया



**जगदलपुर (विश्व परिवार)।** शासन द्वारा चलाये जा रहे सुशासन त्योहार, समाधान शिविर में राष्ट्रीय डेंगू दिवस-2025 के थीम देखें, साफकरें, ढकें, डेंगू को हराने का उपाय करें पर महापौर संजय पाण्डे ने नगर वासियों को डेंगू के रोकथाम एवं बचाव के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने कहा अपने घर के आसपास पानी जमा होने न दें और स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी दिशा निर्देश का पालन करें। स्वास्थ्य विभाग ने डेंगू के रोकथाम व बचाव के संबंध मे सभी नागरिकों से अपील है कि डेंगू एडीज मच्छर के काटने से फैलता है जो कि साफपानी मे पनपता है इसलिए अपने घर के आसपास गमला, टायर, कूलर, टूटे फूटे बर्तन, फ्रीज ट्रे आदि कि नियमित सफाई करें और पानी जमा न होने दे। मच्छरदानी का उपयोग करें। हाथ पाव को पूरी तरह ढकने वाले कपड़े पहने तथा अपने आस पास सफाई रखे। आमजनों से अपील है की डेंगू रोकने में अपने सहभागिता निभाए। बुखार या डेंगू के लक्षण आने पर तत्काल अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र मे जांच कराये। सभी शासकीय स्वास्थ्य केंद्रों मे डेंगू कि जांच व उपचार सुविधा निशुल्क उपलब्ध है। इस अवसर पर एमआईसी सदस्य निर्मल पाणिग्रही, त्रिवेणी रंधारी, कलावती कसेर, पार्षद हरीश पारेख, पितामह नायक, पारुल बोथरा, गायत्री बघेल, आशा साहू,उर्मिला यादव, पूनम सिन्हा, शशिनाथ पाठक, मनोज ठाकुर सहित भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी, स्वास्थय विभाग के कर्मचारी डॉ एस.एस. टेकाम, डॉ0 मोमिता बसाक, श्री नरेश मरकाम, प्रशांत श्रीवास्तव, सुंदर मरकाम , श्रीमती आषमा बानो, सुमन मौर्य, मोहन कश्यप, टूमेश्वर गजबीये, रजनिश आचार्य,आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## जनता और सरकार साथ खड़े हों यही है सुशासन:- संजय पाण्डे

### 10 वार्ड से 346 आवेदनों का हुआ निवारण



**जगदलपुर (विश्व परिवार)।** समाधान शिविर संवाद से समाधान तक यह मात्र एक शिविर नहीं है बल्कि यह एक उत्सव है। सुशासन का अर्थ यही है जब जनता और सरकार साथ खड़े हों और समस्याओं का निराकरण किया जाए। इस प्रकार के शिविर आयोजित करने का उद्देश्य यही है कि जनता की समस्याओं का निराकरण तत्काल किया जाए। प्रदेश में संवेदनशील विष्णु देव साय की सरकार लगातार इस बात की चिंता कर रही है कि शासन व प्रशासन जमीनी स्तर पर किस प्रकार पहुंचे। एक प्रकार से देखा जाए तो यह एक शिविर ही नहीं है बल्कि यह सेवा का अवसर भी है। जनप्रतिनिधियों को इस बात की चिंता करनी चाहिए कि अंत्योदय यानी की अंतिम व्यक्ति तक किस तरह संवाद कायम हो। इस बात की चिंता प्रदेश के मुख्यमंत्री व उनकी टीम भी कर रही है। उपरोक्त बातें नगर पालिक निगम के महापौर संजय पाण्डे ने रोटरी भवन में आयोजित समाधान शिविर के माध्यम से कही।

उन्होंने बारी बारी से एक-एक स्टॉल का निरीक्षण कर प्राप्त आवेदनों की जानकारी ली वहीं कुछ का निराकरण मौके से ही किया। शिविर के माध्यम से महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा गर्भवती माताओ का गोद भराई रस्म व नवजात शिशु का अन्नप्राशन करवाया गया। मालूम हो की शुक्रवार को आयोजित शिविर में 10 वार्ड के लोग शामिल हुए। 10 वार्डो से कुल 348 आवेदन आए थे जिसमें से 346 आवेदनों का निवारण किया गया। वहीं दो आवेदन का निराकरण जल्द ही करने की बात कर्मचारियों ने कही।

भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष वेद प्रकाश पांडे ने कहा इसके पहले 15 साल तक प्रदेश में डॉक्टर रमन सिंह की सरकार काबिज थी। उन्होंने भी जन समस्या निवारण शिविर चलाया था। पार्टी का लक्ष्य है अंतिम व्यक्ति का उदय अर्थात अंत्योदय। एक सच्चा जनप्रतिनिधि वही है जो समस्याओं के निराकरण के लिए तत्पर रहे। उन्होंने शासन द्वारा संचालित अनेक योजनाओं के बारे में लोगों को विस्तृत से जानकारी दी।

निगम स्पीकर खेमसिंह देवांगन ने कहा प्रदेश में विष्णु देव साय की सरकार है जो कि संवेदनशील सरकार है। नगर निगम चुनाव संपन्न होते ही पूरे प्रदेश में एक तिहार के रूप में समाधान शिविर चलाया गया। निकाय चुनाव संपन्न होते ही सरकार सीधे जनता के बीच पहुंची। तीन दिनों तक वार्ड वार शिविर लगा। इसके बाद उनके समाधान के लिए शिविर लगाया जा रहा है। एमआईसी सदस्य लक्ष्मण झा ने पिछली सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस की सरकार निष्क्रीय थी। मूलभूत सुविधाओं के लिए लोग कार्यालय के चक्कर काट रहे थे। अबकी सरकार ने यह किया है की सरकारी अमला आपके द्वारा पहुंच रहा है। जनता की समस्याओं का निराकरण तत्काल किया जा रहा है। इस अवसर पर संजय विश्वकर्मा, सुरेश गुप्ता, नगर मंडल अध्यक्ष प्रकाश झा, मनोहर दत्त तिवारी सहित नगर निगम के आयुक्त प्रवीण कुमार वर्मा ने भी सभा को संबोधित किया। इस अवसर पर एमआईसी सदस्य निर्मल पाणिग्रही, योगेंद्र पांडे, त्रिवेणी रंधारी, कलावती कसेर, पार्षद हरीश पारेख, पितामह नायक, पारुल बोथरा, गायत्री बघेल, आशा साहू,उर्मिला यादव, पूनम सिन्हा, कुबेर देवांगन, योगेश पाणिग्रही, जाहिद हुसैन, राजपाल कसेर, नवीन बोथरा, शशिनाथ पाठक, झरना मोहंती सहित भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी, वार्ड के लोग, समस्त विभागों के कर्मचारी उपस्थित रहे।

## जनता और सरकार साथ खड़े हों वही है सुशासन : महापौर

### 10 वार्ड से 346 आवेदनों का हुआ निवारण

**जगदलपुर।** समाधान शिविर संवाद से समाधान तक यह मात्र एक शिविर नहीं है बल्कि यह एक उत्सव है। सुशासन का अर्थ यही है जब जनता और सरकार साथ खड़े हों और समस्याओं का निराकरण किया जाए। इस प्रकार के शिविर आयोजित करने का उद्देश्य यही है कि जनता की समस्याओं का निराकरण तत्काल किया जाए। प्रदेश में संवेदनशील विष्णु देव साय की सरकार लगातार इस बात की चिंता कर रही है कि शासन व प्रशासन जमीनी स्तर पर किस प्रकार पहुंचे। एक प्रकार से देखा जाए तो यह एक शिविर ही नहीं है बल्कि यह सेवा का अवसर भी है। जनप्रतिनिधियों को इस बात की चिंता करनी चाहिए कि अंत्योदय यानी की अंतिम व्यक्ति तक किस तरह संवाद कायम हो। इस बात की चिंता प्रदेश के मुख्यमंत्री व उनकी टीम भी कर रही है। उपरोक्त बातें नगर पालिक निगम के महापौर संजय पाण्डे ने रोटरी भवन में आयोजित समाधान शिविर के माध्यम से कही।

उन्होंने बारी बारी से एक-एक स्टॉल का निरीक्षण कर प्राप्त आवेदनों की जानकारी ली वहीं कुछ का निराकरण मौके से ही किया। शिविर के माध्यम से महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा गर्भवती माताओ का गोद भराई रस्म व नवजात शिशु का अन्नप्राशन करवाया गया। मालूम हो की शुक्रवार को आयोजित शिविर में 10 वार्ड के लोग शामिल हुए। 10 वार्डो से कुल 348 आवेदन आए थे जिसमें से 346 आवेदनों का निवारण किया गया। वहीं दो आवेदन का निराकरण जल्द ही करने की बात कर्मचारियों ने कही। भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष वेद प्रकाश पांडे ने कहा इसके पहले 15 साल तक प्रदेश में डॉक्टर रमन सिंह की सरकार काबिज थी। उन्होंने भी जन समस्या निवारण शिविर चलाया था। पार्टी का लक्ष्य है अंतिम व्यक्ति का उदय अर्थात अंत्योदय। एक सच्चा जनप्रतिनिधि वही है जो समस्याओं के निराकरण के लिए तत्पर रहे। उन्होंने शासन द्वारा संचालित अनेक योजनाओं के बारे में लोगों को विस्तृत से जानकारी दी। निगम स्पीकर खेमसिंह देवांगन ने कहा प्रदेश में विष्णु देव साय की सरकार है जो कि संवेदनशील सरकार है। नगर निगम चुनाव संपन्न होते ही पूरे प्रदेश में एक तिहार के रूप में समाधान शिविर चलाया गया। निकाय चुनाव संपन्न होते ही सरकार सीधे जनता के बीच पहुंची।

## सुने घर से सोने के जेवरात चोरी करने वाले फरार शातिर चोर को बस्तर पुलिस द्वारा पकड़ने में सफलता मिली

### पेशे से ट्रक ड्रायवरी करने वाला पंजाब का शातिर अपराधी है, जिसके विरूद्ध पंजाब के ब्यास थाना एवं अन्य थानों में कई गंभीर मामले पंजीबद्ध हैं



**जगदलपुर (विश्व परिवार)।** विवरण:- मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि थाना फ्रेज़रपुर परपा क्षेत्रान्तर्गत बस्तर जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में दिन एवं रात्री में सुने पड़े मकान को निशाना बनाकर चोरी होने की रिपोर्ट लगातार मिल रही थी। दिनांक-03-04/05/2025 के दरमियानी रात ग्राम पल्लीनाका प्रार्थी सोनु कुमार सिंह, के पक्का मकान को सुना पाकर कोई अज्ञात चोर घर के आलमारी में रखे सोने के आभुषणों को चोरी कर ले गया था की रिपोर्ट पर थान परपा में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया, विवेचना दौरान मामले की गंभीरता को देखते हुये श्रीमान पुलिस अधीक्षक श्री शलभ कुमार सिन्हा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री महेश्वर नाग के मार्ग दर्शन एवं एस.डी.ओ.पी. केशलूर श्री लक्ष्मण पोटाई, साईबर सेल नोडल अधिकारी गितीका साहू के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी परपा मोहम्मद तारिक हरीश और सायबर सेल प्रभारी दिलबाग सिंग के नेतृत्व में टीम गठित किया गया था। अपराध की कायमी पश्चात् टीम के द्वारा सीसीटीवी फूटेज से प्राप्त विडियो एवं आस पडोस से पूछताछ से आरोपी की जानकारी ली गई, सीसीटीवी फुटेज के आधार पर परपा के पूर्व प्रकरण के संदेही आरोपी मंगल सिंह के द्वारा चोरी करना प्रतीत हुआ, जो घटना दिनांक के बाद से अमृतसर पंजाब में होना ज्ञात होने पर गठित टीम द्वारा रवाना होकर ग्राम टोंग, थाना-ब्यास, जिला अमृतसर पंजाब, पहुंचकर आरोपी मंगल सिंग उर्फ मंगा पिता सरदार चन्नन सिंग उम्र 37 वर्ष निवासी ग्राम टोंग चैकी-रैया थाना ब्यास जिला अमृतसर (पंजाब), को घेराबंदी कर पकड़कर पूछताछ किया गया, जिसने ग्राम पल्लीगॉव के प्रार्थी सोनु कुमार के घर से सोने का जेवर चोरी करना कबूल किया, जिसके कब्जे से पंजाब ग्राम टोंग एवं नगरनार किराये के मकान से सोने का विभिन्न आभुषण कीमती करीबन 5,00,000/-रूपया, घटना में उपयोग किये गये मोटर सायकल होण्डा साईन क्रमांक-ष्टत्र 17 6862 तथा ताला तोड़ने में उपयोग किये गये लोहे का टायर लिवर को आरोपी द्वारा प्रस्तुत करने पर कब्जे से जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया। आरोपी मंगल सिंह को गिरफ्तार कर अमृतसर से ट्रांजिट रिमाण्ड से लेकर जगदलपुर आए, आरोपी को न्यायिक रिमाण्ड पर न्यायालय जगदलपुर में भेजा जाता है।

महत्वपूर्ण भूमिका अदा करने वाले अधिकारी - निरीक्षक-मोहम्मद तारिक हरीश, निरीक्षक-गौरव तिवारी रेंज साईबर सेल प्रभारी, निरीक्षक-दिलबाग सिंह साईबर सेल प्रभारी उनि - प्रमोद सिन्हा, उनि प्रेमप्रकाश पानिगरही सउनि- सउनि0 अजीत सिंह, प्रआर.-473जोगीलाल बुड़ेक, आर0 - 838 गोबरूराम कश्यप, 995 सोनु कुमार गौतम, 1324 रवि बघेल

## संक्षिप्त-खबर

### ऑपरेशन प्रहार के तहत भारी मात्रा में अवैध शराब परिवहन करते आरोपी गिरफ्तार, 60 पाव शराब बरामद

**बिलासपुर।** बिलासपुर जिले में पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। ऑपरेशन प्रहार के तहत, पुलिस ने दो आरोपियों को भारी मात्रा में अवैध शराब परिवहन करते हुए गिरफ्तार किया। आरोपियों के पास से *60 पाव* (10.800 लीटर) देशी शराब बरामद की गई, जिसकी अनुमानित कीमत ?4800 है। आरोपीगण *विक्की वर्मा* (उम्र 26 वर्ष, निवासी - वार्ड 04, माना, रायपुर) और *राहुल वर्मा* (उम्र 21 वर्ष, निवासी - बरतोरी, बिल्हा) हैं। दोनों आरोपियों ने शराब को *दगौरी से बिल्हा* की ओर परिवहन किया था। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि दो व्यक्ति *मोसा हीरो स्पेण्डल* वाहन में शराब लेकर जा रहे हैं। इस पर पुलिस ने *दगौरी अंडर ब्रिज पुलिया* के पास घेराबंदी की और दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया। तलाशी लेने पर आरोपियों के वाहन से सीमेंट की बोरी में छिपाकर 60 पाव शराब बरामद की गई। गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ *आबकारी एक्ट* के तहत मामला दर्ज किया गया है और उन्हें *न्यायिक रिमाण्ड* पर भेजा गया है। पुलिस की लगातार कोशिशों से अवैध शराब परिवहन और बिक्री पर कड़ी नजर रखी जा रही है। इस कार्यवाही में* थाना प्रभारी निरीक्षक उमेश कुमार साहू, प्र.आर. 183 शत्रुहन कौशिक और आरक्षक 1390 संतोष मरकाम का महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

### नशा मुक्ति अभियान कार्यक्रम-1 छ.ग. बटालियन एनसीसी कोरबा में किया गया

**कोरबा।** छ.ग. बटालियन एनसीसी, कोरबा के कमान अधिकारी कर्नल सेंथिल कुमार एस के निर्देश एवं मार्गदर्शन में नशा मुक्ति अभियान कार्यक्रम का आयोजन दिनांक 15 मई 2025 को 1 छ0ग0 बटालियन एनसीसी, कोरबा में किया गया। नशा मुक्ति अभियान कार्यक्रम के तहत एनसीसी कैडेटों द्वारा नशा मुक्ति से संबधित बैनर, पोस्टर एवं रैली के माध्यम से लोगो में नशा के खिलाफ जनजागरूकता फैलाया गया। नशा मुक्ति अभियान रैली 1 छ0ग0 बटालियन एनसीसी, कार्यालय कोरबा से प्रारम्भ होकर सुभाष चैंक कोरबा तक निकाली गई तथा वापस 1 छ0ग0 बटा0, एनसीसी, कोरबा में समापन किया गया।

नशा मुक्ति अभियान कार्यक्रम 1 छ0ग0 बटा0 कोरबा के सेना प्रशिक्षक सुबेदार मेजर डूंगर सिंह, सुबेदार जरनैल सिंह, नायक श्याम सुन्दर व अन्य पीआई स्टॉफएवं आईटीआई, शासकीय ई्व्ही पीजी कॉलेज, कोरबा, एवं कमला नेहरू कॉलेज से 97 एनसीसी कैडेटों ने भाग लिया ।

### दावा-आपत्ति 20 तक आमंत्रित

**कोरबा।** कार्यालय, महिला एवं बाल विकास विभाग कोरबा के द्वारा जिला कोरबा अंतर्गत सक्षम आंगनबाड़ी एवं पोषण 2.0 के तहत पूरक पोषण आहार व्यवस्था अंतर्गत रेडी टू ईट एवं फोर्टीफाईड आटा का परियोजना स्तर पर स्थापित युनिट के माध्यम से निर्माण एवं आपूर्ति हेतु महिला स्व सहायता समूहों के चयन एवं कार्य से पृथक करने की प्रक्रिया का निर्धारण हेतु अभिरूचि का प्रस्ताव इच्छुक सक्षम महिला स्व सहायता समूहों से दिनांक 07.04.2025 से 21.04.2025 तक कार्यालयीन समय सायं पांच बजे तक आवेदन डाक/कोरियर के माध्यम से आमंत्रित किया गया था।

जिला स्तरीय रेडी टू ईट चयन समिति द्वारा प्राप्त आवेदनों का सूक्ष्म परीक्षण कर अंको की गणना कर अंक प्रदाय किया गया है तत्पश्चात् योग्यता क्रम निर्धारण कर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान दिया गया है। प्रावधिक सूची तैयार कर दिनांक 15.05.2025 से 20.05.2025 तक कार्यालयीन समय में दावा आपत्ति आमंत्रित किया गया है।

### एसआईएस में की जा रही अधिकारी सेवा की भर्ती

**जशपुरनगर।** भारतीय सुरक्षा दस्ता परिषद नई दिल्ली एवं ग्लोबल इंडिया स्किल डेवलपमेंट की तरफ से एस.आई.एस. के संयुक्त तत्वाधान में अंतर्गत ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों के ग्रेजुएट बेरोजगार युवको को सुरक्षा अधिकारी कैडर के पद पर चयन प्रक्रिया 15 मई को एस.आई.एस. प्रशिक्षण केन्द्र लाईवलीहुड कॉलेज, डोडकाचौरा ऑफिस में कराई गई। 30 मई 2025 को 350 सुरक्षा अधिकारी कैडर के पद पर आवेदन पत्र आमंत्रित किए जा रहे है।

## देर रात CMHO का जिला अस्पताल में औचक निरीक्षण, नवजात को बचाने संभाली कमान





**गरियाबंद (विश्व परिवार)।** गरियाबंद जिला अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता की जांच के लिए गुरुवार देर रात मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (ष्टरू॥ह) डॉक्टर गार्गी यदु ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल के विभिन्न कक्षों का निरीक्षण किया और मरीजों व उनके परिजनों से सीधा संवाद कर व्यवस्थाओं की जानकारी ली।

निरीक्षण के दौरान एक महत्वपूर्ण घटना घटी, जब एक प्रीमैच्योर डिलीवरी के दौरान नवजात की स्थिति गंभीर हो गई। शिशु रोग विशेषज्ञ डॉक्टर को इमरजेंसी कॉल किया गया, लेकिन उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया। ऐसी स्थिति में डॉक्टर गार्गी यदु ने स्वयं डिलीवरी कक्ष में पहुंचकर नवजात की स्थिति की जांच की और उसे तुरंत एनआईसीयू में भर्ती कराया। सीएमएचओ ने बताया कि शिशु रोग विशेषज्ञ को कई बार कॉल किया गया, लेकिन उन्होंने फोन नहीं उठाया।

इसके अलावा, निरीक्षण के दौरान डॉ. गार्गी ने वार्डों, दवा वितरण केंद्र, लैब और आपातकालीन कक्ष का भी दौरा किया। उन्होंने मरीजों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं और चिकित्सा सुविधाओं की जानकारी ली। कई मरीजों ने अच्छे उपचार की सराहना की, जबकि कुछ ने स्टाफ अनुपस्थिति की शिकायतें भी सामने रखीं।

डॉ. गार्गी यदु ने कहा कि अक्सर रात के समय डॉक्टर और स्टाफ नर्स की अनुपस्थिति की शिकायतें मिलती हैं, जिसके कारण इस औचक निरीक्षण का निर्णय लिया गया। उन्होंने कहा कि आगे भी ऐसी जांचें जारी रहेंगी, ताकि मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकें।

निरीक्षण के दौरान डॉक्टर लक्ष्मी जांगड़े, नोडल सीकेडी डॉ. सुनील रेड्डी, और अस्पताल सलाहकार शंकर पटेल भी उपस्थित थे।

## नगर सैनिकों की भर्ती के लिए आवेदन सबमिट करने की अंतिम तिथि 30 तक

### लिखित परीक्षा 22 जून को

**कोरबा।** होमगार्ड विभाग में 1715 महिला नगर सैनिकों (छात्रावास ड्यूटी) तथा 500 नगर सैनिकों (जनरल ड्यूटी) के रिक्त पदों पर भर्ती हेतु वर्ष 2024 में शारीरिक मापजोख एवं दक्षता परीक्षा 04 संभागीय केद्रों-रायपुर, बिलासपुर, जगदलपुर एवं अंबिकापुर में आयोजित की गई थी। जिसमें पात्र कुल 20 हजार 137 अभ्यर्थियों को लिखित परीक्षा के लिये चयनित किया गया है। चयनित सभी अभ्यर्थियों की सूची विभागीय वेबसाईट पर उपलब्ध है। चयनित सभी अभ्यर्थियों को लिखित परीक्षा हेतु प्रवेष पत्र के लिये छ.ग. व्यापम वेबसाईट ीजजचेरूध्ध्अलंचंउबहण्बहेजंजमहवअण्पद के लिंक में जाकर पंजीयन करना अनिवार्य होगा। विभाग द्वारा आबंटित एप्लीकेषन आईडी एवं जन्म तिथि डालकर अभ्यर्थी छ.ग.व्यापम की वेबसाईट पर लिखित परीक्षा हेतु आवेदन करेंगे। आवेदन सबमिट करने की अंतिम तिथि 30 मई सायं 5 बजे तक है।

व्यापम द्वारा पंजीयन नंबर पर ही लिखित परीक्षा हेतु अभ्यर्थी को प्रवेष पत्र 13 जून को जारी किया जायेगा। जिन पात्र अभ्यर्थी द्वारा छ.ग. व्यापम के वेबसाईट में जाकर पंजीयन एवं आवेदन सबमिट नहीं किया जायेगा वे अभ्यर्थी लिखित परीक्षा से वंचित होंगे। इसकी संपूर्ण जिम्मेदारी अभ्यर्थी की स्वयं की होगी तथा इस संबंध में कोई पत्राचार स्वीकार नहीं होंगे। अभ्यर्थी द्वारा होमगार्ड विभाग के वेबसाईट पर पूर्व में जमा किये गये ऑनलाईन आवेदन पत्र में किसी भी तरह का सुधार या संषोधन किये जाने की अनुमति नहीं होगी। व्यापम की वेबसाईट पर आवेदन पत्र को सफलतापूर्वक सबमिट करना अनिवार्य है। लिखित परीक्षा 22 जून 2025 को व्यावसायिक परीक्षा मंडल (व्यापम)द्वारा छ.ग. राज्य के चार परीक्षा केंद्र रायपुर, बिलासपुर, जगदलपुर एवं अंबिकापुर में आयोजित की जायेगी।

# महापौर मीनल चौबे ने बारिश से पहले बड़े नालों की तली तक सफाई के दिए सख्त निर्देश, कहा- 30 मई तक हर हाल में पूरा हो काम

### लापरवाही पर अधिकारियों पर गिरेगी गाज



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** नगर निगम रायपुर की महापौर मीनल चौबे ने शुक्रवार को निगम मुख्यालय में बारिश पूर्व नाला सफाई को लेकर महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक ली। बैठक में आयुक्त विश्वदीप, स्वास्थ्य विभाग अध्यक्ष गायत्री सुनील चंद्राकर सहित सभी जोन अध्यक्ष, जोन कमिश्नर, जोन स्वास्थ्य अधिकारी और निगम स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणीग्रही उपस्थित रहे।

बैठक में महापौर ने निर्देश दिए कि 30 मई 2025 तक रायपुर नगर निगम क्षेत्र के सभी बड़े नालों की तली तक की सफाई हर हाल में पूर्ण की जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और जिम्मेदार अधिकारियों पर अनुशासनात्मक कार्रवाई तय की जाएगी।

सभी जोन को 25-25 अतिरिक्त ठेका सफाई कर्मियों के माध्यम से मैनुअल सफाई कराने तथा बड़े नालों की सफाई के लिए पोकलेन मशीन लगाने हेतु प्रति जोन 3 लाख रुपये की कार्य स्वीकृति दी गई है। महापौर ने कहा कि बारिश से पहले नालों की समुचित सफाई नहीं होने पर जलभराव की समस्या उत्पन्न होगी, जिससे नागरिकों को परेशानी हो सकती है।

महापौर मीनल चौबे ने सभी जोन अध्यक्षों से जोनवार चर्चा कर सफाई की स्थिति की जानकारी ली और निर्देश दिए कि जोन अध्यक्षों के सुझावों के आधार पर समन्वय बनाकर समयसीमा में कार्य पूर्ण किया जाए।

सभी जोन अध्यक्षों से अपील की गई कि वे अपने-अपने वार्डों का निरीक्षण करें और सफाई कार्य में सक्रिय भूमिका निभाएं, ताकि शहरवासियों को बरसात में किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

# महापौर नीरज पाल पहुंचे औद्योगिक क्षेत्र के समस्याओं का निरीक्षण करने




**भिलाईनगर ( विश्व परिवार )।** बीएसपी एंसीलरी इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के अध्यक्ष रतन दासगुप्ता के अनुरोध पर नगर पालिक निगम भिलाई के महापौर नीरज पाल ने शुक्रवार को औद्योगिक क्षेत्र का दौरा किया। एक दिन पूर्व अध्यक्ष दासगुप्ता के नेतृत्व में एसोसिएशन का एक प्रतिनिधिमंडल उनसे मिले और उन्हें औद्योगिक क्षेत्र की समस्याएं बताई। साथ ही निर्यात कर को समाप्त करने की मांग की थी। महापौर पाल आज एसोसिएशन के कार्यालय पहुंचे जहां उनका उद्योगपतियों ने स्वागत किया और अपनी समस्याएं बताए। उद्योगपतियों ने बताया कि औद्योगिक क्षेत्र में सौंदर्यीकरण, साफ-सफाई, स्ट्रीट लाइट, ड्रेनेज सिस्टम की व्यवस्था का सुधार की आवश्यकता है। इस ओर निगम प्रशासन को और ध्यान देने की जरूरत है। पश्चात महापौर नीरज पाल जोन क्रं. 04 के जोन आयुक्त अमरनाथ दुबे, स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली के साथ वास्तविक स्थिति का निरीक्षण किए।

महापौर ने वहां की समस्याओं को देखकर उद्योगपतियों को आस्वस्त किए कि शीध्र ही नगर निगम भिलाई एवं औद्योगिक क्षेत्र के प्रतिनिधियों के साथ एक संयुक्त बैठक की जावेगी। जो भी समस्या है उसका निरीकरण चरणबद्व ढंग से निराकरण किया जायेगा। साफ-सफाई, पानी निकासी, स्ट्रीट लाईट संधारण कार्य के लिए जोन आयुक्त दुबे को यथाशीध्र व्यवस्थित करने के लिए कहा। जिस कार्य के लिए प्रपोजल बनाना है, उसे प्रस्तुत करें। ताकि एक सिस्टमेटिक रूप से कार्यो को संपादित किया जा सके। भ्रमण के दौरान यह देखा गया कि कबाड़ी व्यवसाय करने वाले द्वारा सड़क पर कबाड़ी कचरा डालकर गंदगी फैला रहा था एवं आवागमन को बाधित कर रहा था। जिस पर 20000 एवं होण्डई शो रूम द्वारा सर्विसिंग का पानी नाली में छोड़ रहा था, जिससे नाली का पानी सड़क में आ रहा था और सड़क खराब हो रहा था। इसके लिए उस पर 25000 रूपये अर्थदण्ड लगाकर दुबारा न करने की समझाईस दी गई।

## संक्षिप्त समाचार

### गिरधारी नगर में चला निगम का विशेष सफाई अभियान, कमिश्नर और पार्षद की मौजूदगी में नाला की सफाई



**दुर्ग ( विश्व परिवार )।** नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत बारिश से पहले चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत सुबह शुक्रवार को वार्ड 09 गिरधारी नगर में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान नालियों की सफाई कर कचरा उठाया गया। निगम कमिश्नर सुमीत अग्रवाल ने एमआईसी सदस्य व पार्षद ज्ञानेश्वर ताम्रकर, नरेंद्र बंजारे, प्रभारी नीलेश अग्रवाल, पूर्व पार्षद दिनेश देवांगन, उपअभियंता विनोद मांझी के साथ सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। कमिश्नर ने गिरधारी नगर नाले नालियों की वृहद रुप से सफाई के निर्देश दिए। उन्होंने गिरधारी नगर क्षेत्र सहित अन्य चौराहों का निरीक्षण कर नगर निगम के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। आयुक्त ने कहा कि मानसून के पहले शहर के सभी 60 वार्डों, जलभराव वाले इलाकों में वृहद सफाई अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस अभियान के तहत गली नंबर एक सहित कोष्टा तालाब के अलावा नाले-नालियों की सफाई सुनिश्चित होगी। कमिश्नर ने कहा कि गिरधारी नगर नाला को बेहतर सफाई करवाये साथ ही नाली सफाई के दौरान दिक्कत होने पर पुराने ओर बंद हो चुके नल कनेक्शन को हटवाए जाएंगे।

### मुख्यमंत्री साय की बड़ी घोषणाएं- झुरानदी को मिले स्कूल भवन, सीसी सड़क और दो उच्चस्तरीय पुल

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की सहजता और सरलता से झुरानदी गांव के ग्रामीण अभिभूत हो उठे। तपती दोपहरी में मुख्यमंत्री का हेलीकॉप्टर अचानक खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले के ग्राम झुरानदी में उतरा। बिना किसी पूर्व सूचना के मुख्यमंत्री को अपने बीच पाकर ग्रामीणों को हर्ष मिश्रित आश्चर्य हुआ। मुख्यमंत्री ने गांव के बरगद पेड़ की छांव में चौपाल लगाई और बेहद आत्मीय अंदाज में ग्रामीणों से संवाद किया। देखते ही देखते पूरा गांव उमड़ पड़ा और माहौल उत्सव जैसा बन गया। मुख्यमंत्री के साथ उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री श्री साय ने ग्रामीणों से बातचीत की शुरुआत करते हुए कहा कि मैंने बस्तर, सरगुजा के अनेकों जिले में और जांजगीर, चांपा, कबीरधाम, बेमेतरा जिले जैसे जिलों के सुदूर गांवों तक जाकर जनचौपाल की है। उन्होंने कहा कि आज मानपुर-मोहला-अंबागढ़ चौकी जिले से होकर आपके इस गांव झुरानदी में सीधे पहुंचा हूं। हमारी सरकार गांव, गरीब और किसान की सरकार है। हम हर घर तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाना चाहते हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि ग्रामीणों की मांगों और समस्याओं पर त्वरित कार्रवाई की जाए तथा योजनाओं का लाभ हर पात्र हितग्राही तक समय पर पहुंचे। मुख्यमंत्री ने ग्रामीणों की मांग पर झुरानदी गांव में हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूल भवन निर्माण की घोषणा की।

# निगम के 300 कर्मचारी, 8 करोड़ रुपये से अधिक की उपादान राशि, जल्द कर्मचारियों के खाते में होंगे जमा

### उपादान के पात्र कर्मचारियों की सूची निगम कार्यलय में चस्पा, 10 दिवस के भीतर दावा आपत्ति निगम कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं



**दुर्ग ( विश्व परिवार )।** नगर पालिक निगम महापौर श्रीमती अलका बाघमार व आयुक्त सुमित अग्रवाल के निर्देश सभापति श्याम शर्मा और वित्त प्रभारी नरेंद्र बंजारे के मार्गदर्शन में नगर निगम के सेवानिवृत्त कर्मचारी/ मृतक के आश्रित परिवारों को उपादान की राशि भुगतान किया जाना है। सेवानिवृत्त कर्मचारियों की सूची, सेवानिवृत्त तिथि एवं सेवा में रहते मृत्यु तिथि के आधार पर तैयार किया गया है।

सूची का प्रारंभिक प्रकाशन किया जा रहा है। सूची की एक प्रति सूची निगम कार्यालय पर चस्पा किया किया है। यदि किसी सेवानिवृत्त कर्मचारी / मृतक के आश्रित परिवारों को इस प्रकाशित सूची में किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो प्रकाशन तिथि से 10 दिवस के भीतर दावा आपत्ति निगम कार्यालय में लिखित प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि समाप्ति पश्चात् आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। नगर निगम दुर्ग में वर्षों से लंबित उपादान भुगतान को लेकर विभाग के चक्कर लगा रहे कर्मचारियों को अब राहत की सांस ली है।

बता दें कि महापौर अलका बाघमार, सभापति श्याम शर्मा एवं वित्त विभाग प्रभारी नरेन्द्र बंजारे के लगातार मार्गदर्शन में उपादान के लिए जोर लगा दिया था।सहमति के बाद नगर निगम आयुक्त सुमित अग्रवाल ने एक बेहतर कदम उठाते हुए पात्र कर्मचारियों की सूची निगम कार्यलय में चस्पा कर दी है। इस बेहतर पहल न केवल पारदर्शिता की दिशा में एक बड़ा और शानदार कदम है, इससे उन सैकड़ों कर्मचारियों के चेहरे पर खुशी लौटेगी, जो वर्षों से अपनी मेहनत की कमाई के लिए भटक रहे थे। 300 कर्मचारी, जिन्होंने पाँच वर्षों या उससे अधिक की सेवा दी है, 8 करोड़ रुपये से अधिक की उपादान के हकदार हैं।

# सांस्कृति प्रभारी श्रीमती हर्षिका संभव जैन द्वारा समिति के सदस्यों के साथ अपनी पहली समीक्षा बैठक



**दुर्ग ( विश्व परिवार )।** नगर पालिक निगम।महापौर श्रीमती अलका बाघमार के मार्गदर्शन में आज सांस्कृतिक प्रभारी श्रीमती हर्षिका संभव जैन द्वारा अपने एमआईसी कक्ष में समिति के सदस्यों के साथ अपनी पहली समीक्षा बैठक की।उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृति हमारी पहचान के संबंध पर चर्चा किया गया।इसके अलावा सांस्कृतिक कार्यक्रम को लेकर कहा आगे अच्छे और बेहतर छोटे-बड़े कार्यक्रम आयोजन किया जाना है, जिससे हमारी छत्तीसगढ़ी संस्कृति सामने आए, इस दौरान कहा की शहर के सभी प्राचीन मंदिर के विशेष पर भी चर्चा की गई।प्रभारी हर्षिका जैन ने कहा कि पर्यावरण के संबंध में एक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जागरूकता लगाया जाएगा।

इस बैठक में, प्रभारी श्रीमती जैन के साथ समिति के सदस्यों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रगति और योजनाओं पर चर्चा की, साथ ही भविष्य के लिए संभावित परियोजनाओं पर विचार किया।उन्होंने सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा देने और उनकी बेहतर योजना बनाने के लिए कहा।

प्रभारी हर्षिका संभव जैन द्वारा वर्तमान सांस्कृतिक कार्यक्रमों की समीक्षा, बैठक में मौजूद सरस निर्मलकर, प्रतिभा राजपूत, लोकेश्वरी ठाकुर, मनीष कोठारी युवराज कुंजाम, रामू सेन एवं विभाग की सचिव साक्षी चौहान वर्मा मौजूद रहीं।

प्रभारी श्रीमती जैन ने मौजूद अधिकारियों को भविष्य की कार्यक्रमो योजनाओं पर चर्चा करते हुए निर्देश दिए: उन्होंने कहा कि नए सांस्कृतिक कार्यक्रम, उत्सव, और परियोजनाओं की योजना बनाना।समस्याओं और चुनौतियों का समाधान किसी भी बाधा को दूर करने और सुधार के लिए सुझाव देना।प्रभारी ने कहा अगली बैठक की तिथि और एजेंडा निर्धारित किया गया

# 1 करोड़ 78 लाख 67 हजार 520 रूपये जलकर बकाया है स्मृतिनगर सोसायटी का



**भिलाईनगर ( विश्व परिवार )।** नगर पालिक निगम भिलाई के जोन क्रं. 01 नेहरू नगर में स्थित स्मृति नगर गृह निर्माण संस्था मर्यादित का दिनांक 22 मार्च 2025 की स्थिति में नगर निगम भिलाई का जलकर 1 करोड़ 78 लाख 67 हजार 520 रूपये बकाया है। जिसका नोटिस संस्था को दिया जा चुका है। स्मृति नगर सोसायटी में निवासरत नागरिको द्वारा बताया गया है कि उनसे प्रतिमाह सोसायटी द्वारा जलकर की राशि नियमानुसार लिया जा रहा है। लेकिन नगर निगम भिलाई के खाते में जमा नहीं किया जा रहा है, इससे हम लोग बहुत दुखी है। इसकी शिकायत स्थानीय पार्षद मुकेश कुमार अग्रवाल एवं नागरिको द्वारा लिखित रूप से निगम भिलाई को की गई है। संस्था द्वारा लोगो के बीच में भ्रम फैलाया गया कि जलकर के संबंध में उच्च न्यायालय में केश चल रहा है। हमे स्टे मिला हुआ है, जबकि ऐसा कुछ नहीं है।

आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देश पर स्मृति नगर सोसायटी के निवासियों के मकानों का सर्वे कराया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 1268 मकान निर्मित है, जिसमें आवास, आवास सह व्यवसाय एवं व्यवसाय के रूप में काबिज है। इसमें से सन् 2008 में हुए अनुबंध के अनुसार 792 मकान धारियों का ही जलकर का गणना से किया गया है। इसमें लगभग 400 से अधिक मकानों में भी नल कनेक्शन लिया जा चुका है। अभी वर्तमान में जलकर की राशि और वृद्धि होगी। राज्य सरकार के प्रकाशित राजपत्र के अनुसार आवासीय मकान में जलकर 200 रूपये प्रतिमाह, आवास सह व्यवसाय में 350 रूपये, व्यवसाय में 800 रूपये एवं जो परिवार संपत्तिकर के दायरे में नही आते है, उनसे 60 रूपये प्रतिमाह लेने का प्रावधान है। जलकर वसूली विभाग के सहायक राजस्व अधिकारी धीरज साहू का कहना है कि संस्था को दो नोटिस देकर 12.03.2025 एवं 22.03.2025 का तामिल करवाया गया है। संस्था द्वारा नोटिस जारी होने के 2 वर्ष पूर्व 30 लाख रूपये निगम कोष में जमा कराया गया था। अभी वहां पर और मकान निर्माणाधीन है। वास्तविक गणना होगा तो राशि लगभग 3.00 करोड़ से उपर जायेगी।

# नगर पालिका जामुल के वार्ड-13 एसीसी मंगल भवन में सुशासन तिहार अंतर्गत समाधान शिविर का आयोजन किया गया



**जामुल ( विश्व परिवार )।** नगर पालिका जामुल के वार्ड-13 एसीसी मंगल भवन में सुशासन तिहार अंतर्गत समाधान शिविर का आयोजन किया गया। नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर ने गर्भवती महिलाओं को पोषक तत्व भेंट कर शिविर का शुभारंभ किया। समाधान शिविर के आयोजन का उद्देश्य बताते हुए नपा अध्यक्ष श्री ठाकुर ने कहा कि आम जनता के समस्या का त्वरित निवारण हो सके एवं राज्य एवं केन्द्र सरकार के द्वारा संचालित जनहित योजना का लाभ प्रत्येक पात्र हितग्राहियों को मिल सके एवं योजनाओं का प्रभावी रूप से क्रियान्वयन हो इसीलिए हमारे सरकार द्वारा सुशासन तिहार का आयोजन में समस्याओं का समाधान हो एवं आम जनता को अपने समस्या या मांग के लिए अनेक विभागों का चक्कर न लगाना पड़े इसीलिए समाधान शिविर का प्रदेशव्यापी आयोजन किया गया है। मैं समस्त जनता जनार्दन से अपील करता हूं कि इस शिविर में अपनी समस्या या मांग को अवश्य रखे ताकि भविष्य में कार्यालय दर कार्यालय अनेक विभागों में दौड़ भाग न करना पड़े। यह समाधान शिविर हर नागरिक के लिए है इसका लाभ अवश्य उठायें। आज के समाधान शिविर वार्ड क्र. 08, 11, 12, 13, 14, 15 में कुल 110 आवेदन मांग एवं शिकायतें प्राप्त हुआ है। स्वास्थ्य विभाग से 35 आवेदन, आयुष विभाग से 50 आवेदन, आधार कार्ड अपडेशन हेतु 32 आवेदन प्राप्त हुए हैं जिसका तत्काल निराकरण किया गया। शिविर में नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर, नपा उपाध्यक्ष सुनिता चन्नेवार, कविता विश्वाल, रामदुलार साहू, के. राजू, निशा चन्नेवार, प्रशासन की ओर से तहसीलदार पवन ठाकुर, मुख्य नगर पालिका अधिकारी सीमा बख्शी, उपअभियंता गण के.एन. ताम्रकार, सचिन भागवत नोडल अधिकारी हिम्मत लाल मण्डावी सहित सभी विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# 5G/6G वायरलेस, रक्षा और अंतरिक्ष क्षेत्र के लिए ऑनलाइन फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का उद्घाटन



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** 5G/6G वायरलेस, रक्षा और अंतरिक्ष क्षेत्र के लिए नवीनतम RF/mm-वेव एवं TH5 एंटीना प्रौद्योगिकियाँ पर ऑनलाइन फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम (FDP) का उद्घाटन समारोह 15 मई 2025 को सुबह 10:30 बजे Google Meet के माध्यम से सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईसीटी अकादमी, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (MeitY), भारत सरकार द्वारा समर्थित है।

समारोह की शुरुआत एक स्वागत भाषण के साथ हुई, जिसने एंटीना तकनीकों में नवीनतम रुझानों और नवाचारों पर केंद्रित दस-दिवसीय शैक्षणिक पहल की शुरुआत की। यह FDP प्रतिभागियों को अत्याधुनिक एंटीना प्रणालियों का गहन तकनीकी ज्ञान और व्यावहारिक अनुभव प्रदान करने हेतु आयोजित किया गया है, जो रक्षा, अंतरिक्ष मिशनों और अगली पीढ़ी के वायरलेस संचार के लिए अत्यंत आवश्यक हैं।

इस सत्र में NIT रायपुर के निम्नलिखित गणमान्य अतिथि उपस्थित थे- डॉ. एस. वर्मा, प्रोफेसर (HAG), डॉ. एस. घोष, चेयरमैन (CEP), डॉ. ए. एस. राघुवंशी, चीफ इन्वेस्टिगेटर, EICT अकादमी, डॉ. टी. मीनपाल, प्रमुख, ECE विभाग।

गणमान्य अतिथियों ने प्रतिभागियों को FDP के उद्देश्यों के अनुरूप महत्वपूर्ण सुझाव दिए। डॉ. एस. वर्मा ने रणनीतिक रक्षा और अंतरिक्ष संचार में RF, mm-वेव और TH5 एंटीना तकनीकों की अहमियत पर प्रकाश डाला। डॉ. एस. घोष ने शैक्षणिक विकास में सतत शिक्षा की भूमिका को रेखांकित किया। डॉ. ए.एस. राघुवंशी ने EICT अकादमी के संकाय विकास के लिए किए जा रहे प्रयासों पर चर्चा की, जबकि डॉ. टी. मीनपाल ने ECE विभाग के अनुसंधान कार्यों और अंतरविषयक शिक्षा के प्रति प्रतिबद्धता को साझा किया।

यह फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम 40 घंटे के विशेषज्ञ व्याख्यानों की संरचना पर आधारित है, जिसमें RF, मिलिमीटर-वेव और टेराहर्ट्ज एंटीना डिजाइन, सिमुलेशन टूल्स, निर्माण प्रक्रियाएँ और परीक्षण विधियाँ शामिल हैं। ये सत्र IIT, NIT और उद्योग जगत के प्रतिष्ठित विशेषज्ञों द्वारा प्रस्तुत किए जाएंगे। उद्घाटन सत्र में देशभर के विभिन्न संस्थानों से आए 54 से अधिक संकाय सदस्य, शोधकर्ता और उद्योग विशेषज्ञों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस कार्यक्रम ने तकनीकी दृष्टि से समृद्ध और सहयोगात्मक शिक्षा की एक आशाजनक शुरुआत की।

इस FDP का सफल समन्वय NIT रायपुर के डॉ. अंशुल गुप्ता और NIT वारंगल के डॉ. अमरजीत कुमार द्वारा किया जा रहा है, जिनकी समर्पित योजना और मेहनत इस कार्यक्रम की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

# राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (NHM) के संविदा स्वास्थ्य कर्मी ने की आत्महत्या, संविदा शोषण की शिकार होने पर दे दी जान

**महीनेभर पहले एनएचएम संविदा स्वास्थ्य कर्मी के पति की भी हुई थी मौत**

### एक वर्ष के मासूम के सिर से उठा माता-पिता का साया

### खैरागढ़ जिला के छूईखदान ब्लॉक, आयुष्मान आरोग्य मंदिर जंगलपुर में सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी के पद पर कार्यरत थी एनएचएम कर्मी आरती यादव





**रायपुर ( विश्व परिवार )।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत कार्यरत महिला स्वास्थ्य अधिकारी की आत्महत्या की दर्दनाक घटना ने स्वास्थ्य प्रणाली की क्रूर सच्चाई को उजागर किया हैं। एक समर्पित सीएचओ आरती यादव ने अफसरों की मानसिक प्रताड़ना के चलते आत्महत्या कर ली। यह त्रासदी केवल एक मौत नहीं बल्कि छत्तीसगढ़ राज्य के स्वास्थ्य व्यवस्था की विफलता का चीत्कार हैं।

आरती यादव सीएचओ एक साल के मासूम बच्चे की माँ थी, एक महीने पहले अपने पति को दुर्घटना में खोने के बाद उसने छुट्टी की गुहार लगाई, मगर उसे सिस्टम में बैठे अधिकारीयों ने ठुकरा दिया, अपने घर दुर्ग से 55 किलो मीटर दूर अकेले स्वास्थ्य केंद्र में रहकर सेवाएं देते रही, पति की मृत्यु के बाद केंद्र बंद होने पर सुशासन त्यौहार में शिकायते हुई, जिससे उच्च अधिकारीयों ने मानसिक रूप से प्रताड़ित किया। आर्थिक तंगी ने अकेले रह रही उक्त एनएचएम कर्मी को और तोड़ा, एक महीने का वेतन एवं तीन महीने का कार्य आधारित भुगतान सब रोक के रखा गया है।

एनएचएम कर्मी ने विपरीत पारिवारिक, आर्थिक हालात में घर के नजदीक स्थानांतरण की कोशिश की, असफल हुई और जीवन संविदा रूपी शोषण की भेट चढ़ गयी।

हाल ही में विभाग द्वारा जारी ञ्हक्र ने सारा बोझ उक्त कर्मी पर डाला गया, चार स्वास्थ्य कर्मी का काम अकेले करने का दबाव दिया गया, दो तीन दिन पहले वेतन की कटौती की धमकी ने उसकी उम्मीद छिन्न ली।

यह अकेले कहानी नहीं हैं इससे पहले कई एनएचएम कर्मियों ने कार्य दबाव के कारण अपने जान गवाई हैं, छत्तीसगढ़ प्रदेश एनएचएम कर्मचारी संघ ने कहा यह मौत एक माँ की नहीं पुरे स्वास्थ्य व्यवस्था की हार हैं, एनएचएम कर्मचारी संघ प्रदेश प्रांतध्यक्ष डॉ अमित मिरी, एवं प्रदेश मिडिया प्रभारी पूरन दास ने सयुंक्त जानकारी दिया की संघ के प्रमुख मांगे जिसमें नियमितीकरण, सवैतनिक चिकित्सा अवकाश, अर्जित अवकाश, स्थानांतरण नीति, कैशलेस चिकित्सा बीमा, अच्छे मानव संसाधन नीति, सीआर व्यवस्था में सुधार इत्यादि मांगे पूर्व से ही प्रशासन, शासन के समक्ष लंबित है।


छत्तीसगढ़ शासन
25 रजत जयंती वर्ष छत्तीसगढ़
श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री
श्री विष्णु देव साय
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़
तेंदूपत्ता संग्राहकों का जीवन खुशहाल
पहली बार ₹5,500 प्रति मानक बोरा की दर से संग्राहकों को पारिश्रमिक
12 लाख 50 हजार तेंदूपत्ता संग्राहकों का संवर रहा जीवन
SAMVAD-43817/1
मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय से जुड़ने के लिए Q.R. Code स्कैन करें
सुशासन से समृद्धि की ओर
Visit us : ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in
छत्तीसगढ़ जनसंपर्क